NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्षः 13 अंकः 219 लखनऊ, शुक्रवार 22 मार्च 2024 मूल्यः 02 रुपये पृष्ठ- 08

## 2024 की लड़ाई पैसे पर आई, क्या कांग्रेस के खिलाफ हो रही साजिश, बीजेपी हुई आगबबूला

एजेंसी।

नई दिल्ली सोनिया गांधी ने पार्टी के बैंक खातों को फ्रीज किए जाने के मुद्दे पर आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु बनाने का सुनियोजित प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता से एकत्रित धन को रोका जा रहा है और हमारे खातों से जबरन पैसा छीना जा रहा है। लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों के बीच वार–पलटवार का दौर अब तेज हो गया है। इसी कड़ी में कांग्रेस ने केंद्र की मोदी सरकार पर गंभीर आरोप लगा दिया है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी और कोषाध्यक्ष अजय माकन सहित




अपने शीर्ष नेताओं के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ने गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी में एक संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया और कथित तौर पर केंद्र में सत्ताधारी सरकार के आशीर्वाद से आयकर विभाग द्वारा पार्टी के फंड को फ्रीज करने के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। हालांकि, भाजपा ने भी पलटवार करने में देरी नहीं की। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस के आरोप पर पलटवार करते हुए कहा कि 'ऐतिहासिक हार' की आशंका से उसका शीर्ष नेतृत्व भारतीय लोकतंत्र और संस्थाओं के खिलाफ 'जमकर भड़ास' निकाल रहा है।कांग्रेस का क्या है आरोपसोनिया गांधी ने पार्टी के बैंक खातों को फ्रीज किए जाने के मुद्दे पर आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु बनाने का सुनियोजित प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता से एकत्रित धन को रोका जा रहा है और हमारे खातों से जबरन पैसा छीना जा रहा है। राहुल ने कहा कि नफरत से भरी श्असुर शक्तिश ने लोकतंत्र की हत्या करने के लिए कांग्रेस के बैंक अकाउंट को फ्रीज कर दिया है। हम अपना प्रचार कार्य नहीं कर सकते। हम अपने कार्यकर्ताओं और उम्मीदवारों का समर्थन नहीं कर सकते। हमारे नेता देश के एक हिस्से से दूसरे हिस्से तक यात्रा नहीं कर सकते। हम अपने विज्ञापन देने में असमर्थ हैं। ऐसा चुनाव प्रचार से दो महीने पहले किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस पार्टी के खिलाफ पीएम और गृह मंत्री द्वारा की गई आपराधिक कार्रवाई है।श कोई अदालत कुछ नहीं कह रही, चुनाव आयोग चुप है, कोई संस्था कुछ नहीं कह रही और मीडिया कुछ नहीं कह रहा। उन्होंने कहा कि आज भारत में कोई लोकतंत्र नहीं है। भारत के लोगों से उनका संविधान और लोकतांत्रिक ढांचा छीना जा रहा है। पार्टी के बैंक खाते 'फ्रीज' किए जाने के आरोपों पर भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में हार को भांपते हुए हताशा होकर बहाना बनाने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को विनम्रतापूर्वक एक सलाह है

## यूपी 22 से 27 मार्च तक सभी पुलिस कर्मियों की छुट्टियां रद्द, अवकाश पर गए जवानों को बुलाने के आदेश

संवाददाता।

लखनऊ होली के त्योहार को देखते हुए यूपी के सभी पुलिस कर्मियों की छुट्टियां 22 मार्च से 27 मार्च के बीच कैंसिल कर दी गई हैं। होली को देखते हुए यूपी के सभी पुलिस कर्मियों की छुट्टियां 27 मार्च तक रद्द कर दी गई हैं। 22 मार्च से 27 मार्च तक किसी प्रकार का अवकाश पुलिस कर्मी नहीं ले सकेंगे। यूपी डीजीपी प्रशांत कुमार ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। इस आदेश को सभी पुलिस कमिश्नरों और जिले के कप्तानों को भेज दिया गया है। आदेश में साफ किया गया है कि इन दिनों जो पुलिस कर्मी



अवकाश पर हैं उन्हें तत्काल प्रभाव से वापस बुलाया जाए। डीजीपी ने कहा है कि अति आवश्यक कार्य या आपातकाल में ही इस दौरान छुट्टी स्वीकृत की जाएं।

## मोदी के खिलाफ अजय राय, राजगढ़ से दिग्विजय सिंह, यूपी-एमपी में इन दिग्गजों पर दांव लगाएंगी कांग्रेस, अमेठी-रायबरेली पर अब भी सस्पेंस

एजेंसी। नई दिल्ली

सिंधिया के लिए यह उनके करिश्मे की अग्निपरीक्षा होगी क्योंकि वह पहली बार भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। गुना से वह 2019 का चुनाव कांग्रेस की टिकट पर वह हार गए थे। कांतिलाल भूरिया झाबुआ से चुनाव लड़ सकते हैं। दूसरी ओर यूपी को लेकर बड़ी खबर है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के राजगढ़ सीट से लोकसभा चुनाव लड़ने की संभावना है। पुरानी पार्टी केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया को चुनौती देने के लिए गुना निर्वाचन क्षेत्र में अरुण यादव को मैदान में उतार सकती है। सूत्रों ने गुरुवार को इस बात की जानकारी दी है। राजगढ़ सीट 2004 से बीजेपी का गढ़ रही है। बीजेपी नेता रोडमल नागर ने लोकसभा चुनाव 2014 और 2019 में दो बार सीट




जीती। बीजेपी ने तीसरी बार नागर को समर्थन दिया। सिंह के लिए, भाजपा के मैदान पर यह आसान लड़ाई नहीं होगी। इसके अलावा, दिग्विजय सिंह 2019 में भाजपा नेता प्रज्ञा सिंह ठाकुर के खिलाफ भोपाल सीट से अपना आखिरी लोकसभा चुनाव हार गए। सिंधिया के लिए यह उनके करिश्मे की अग्निपरीक्षा होगी क्योंकि वह पहली बार भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। गुना से वह 2019 का चुनाव कांग्रेस की टिकट पर वह हार गए थे। कांतिलाल भूरिया झाबुआ से चुनाव लड़ सकते हैं। दूसरी ओर यूपी को लेकर बड़ी खबर है। यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय एक बार फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ वाराणसी से चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं। सूत्रों के मुताबिक पार्टी उन्हें एक बार फिर से टिकट देने जा रही है। यह तीसरी बार होगा जब वह पीएम मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। वहीं, चौथी बार इस सीट से अपनी किस्मत आजमाएंगे। 2019 में वह14 फीसदी वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। सूत्रों ने आगे बताया कि रायबरेली और अमेठी को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई।

## दिल्ली शराब नीति केस में केजरीवाल गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दो घंटे की पूछताछ के बाद उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया गया है। दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर पश्चिम बंगाल बीजेपी अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा कि शराब नीति मामले में कुछ दिन पहले बीआरएस नेता के कविता को भी गिरफ्तार किया। यह एक बड़ी गिरफ्तारी का संकेत था कि आने वाले दिनों में इस मामले में कार्रवाई की जाएगी। यह स्वाभाविक था कि इस मामले की आखिरी कड़ी अरविंद केजरीवाल तक पहुंचनी थी। इस मामले में दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसौदिया भी गिरफ्तार हैं। उनकी गिरफ्तारी बस कुछ ही समय की बात थी।

ईडी की कार्रवाई पर राज्यसभा सांसद और जेएमएम नेता महुआ माजी ने कहा कि जहां–जहां गैर–भाजपा सरकार है, उन राज्यों में ही ये चीजें हो रही हैं। चुनाव होने वाले हैं। आदर्श आचार संहिता लागू है। लेकिन जिस तरह से चीजें चल रही हैं। पहले झारखंड और फिर दिल्ली में ये लोकतंत्र नहीं बल्कि निरंकुशता की तैयारी है।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि भाजपा की राजनीतिक टीम यानी ईडी केजरीवाल की सोच को कभी कैद नहीं कर सकती है। आम आदमी पार्टी ही भाजपा को रोक सकती है। आप सोच को कभी नहीं दबा सकते।

प्रवर्तन निदेशालय की टीम कल मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पीएमएलए कोर्ट में पेश करेगी।

दिल्ली पुलिस सीएम आवास के आसपास ड्रोन से कड़ी निगरानी कर रही है।

दिल्ली मंत्री आतिशी ने कहा कि हमें खबर मिली है कि ईडी




ने अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया है। हमने हमेशा कहा है कि अरविंद केजरीवाल जेल से सरकार चलाएंगे। वह दिल्ली के सीएम बने रहेंगे। हमने सुप्रीम कोर्ट में मामला दायर किया है। हमारे वकील सुप्रीम कोर्ट पहुंच रहे हैं। हम आज रात सुप्रीम कोर्ट से तत्काल सुनवाई की मांग करेंगे।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार कर लिया है। ईडी ने पहले 10वां समन जारी किया और उसके बाद उनके आवास पर पहुंची। जहां सीएम से दो घंटे तक पूछताछ की। जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने कहा कि अगर सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी होती है तो जेल से सरकार चलाई जाएगी। सीएम अपना इस्तीफा नहीं देंगे।

## सीटों को लेकर चंद्रबाबू नायडू ने कर दिया कोई खेल, स्थानीय स्तर पर बीजेपी में क्यों होने लगी ये चर्चा

नई दिल्ली पार्टी नेता पडे, अनापर्थी और अडोनी जैसी सीटें बीजेपी को देने पर कड़ी आपत्ति जता रहे हैं। बीजेपी के वरिष्ठ नेता आरोप लगा रहे हैं कि टीडीपी को उन निर्वाचन क्षेत्रों में जीत नहीं मिली। इसीलिए नेता कुछ सीटों के मामले में कुछ जोड़–घटाव करने पर जोर दे रहे हैं। बीजेपी नेताओं का कहना है कि वहां पार्टी के लिए उचित कैडर नहीं है। आंध्र प्रदेश में सियासत गरमाती जा रही है. मतदान की तारीख तय होने के साथ ही सभी राजनीतिक दल चुनाव प्रचार की तैयारी में जुट गए हैं। टीडीपी, जन सेना और बीजेपी ने सत्तारूढ़ वाईसीपी को हटाने के उद्देश्य से गठबंधन बनाया। गठबंधन के हिस्से के रूप में जन सेना को 21 विधानसभा सीटें और दो संसद सीटें आवंटित की गईं, जबकि भाजपा को 10 विधानसभा सीटें और 6 लोकसभा सीटें आवंटित की गईं। बाकी सीटों पर मुख्य विपक्षी टीडीपी रिंग में उतरेगी। लेकिन खबरें हैं कि बीजेपी को मिली सीटों को लेकर उस पार्टी के नेता असंतोष जता रहे हैं। हालांकि 6 लोकसभा सीटों को लेकर कोई बड़ी समस्या नहीं है, लेकिन विधानसभा सीटों पर बीजेपी कैडर की ओर से कड़ा विरोध जताया जा रहा है। इसीलिए नेता कुछ सीटों के मामले में कुछ जोड़–घटाव करने पर जोर दे रहे हैं। बीजेपी नेताओं का कहना है कि वहां पार्टी के लिए उचित कैडर नहीं है। बड़े पैमाने पर आलाकमान को पत्र लिखा गया है। इसके अलावा, कुछ बीजेपी नेताओं का दिल्ली के वरिष्ठ नेताओं से यह शिकायत करना कि पार्टी अध्यक्ष पुरंदेश्वरी भी टीडीपी के पक्ष में काम कर रही हैं, अब एपी राजनीतिक हलकों में एक गर्म विषय बन गया है। खबर है कि राज्य के बीजेपी नेताओं ने पार्टी नेतृत्व से शिकायत की है कि बीजेपी को दी गई सभी सीटें वाईसीपी का गढ़ हैं। टीडीपी वहां नहीं जीत पाई और इसलिए वो सीटें बीजेपी को दे दी गईं। एक चर्चा यह भी है कि टीडीपी बीजेपी उम्मीदवारों को जिताने में मदद नहीं करेगी।

## हमारा सामना भारत के दुश्मनों से है, चुनाव से पहले बीजेपी पर स्टालिन का तीखा हमला

एजेंसी।

नई दिल्ली एमके स्टालिन ने कहा कि आगामी संसदीय चुनावों में हम जिन दुश्मनों का सामना करेंगे, वे न केवल हमारे राजनीतिक दुश्मन हैं, बल्कि वे हैं भारत के दुश्मन। भारतीय संविधान के दुश्मन। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की एकता और अखंडता के दुश्मन। भारत के बहुलवाद और धर्मनिरपेक्षता के दुश्मन। संघवाद के दुश्मन। संक्षेप में मानव जाति के दुश्मन। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रमुक प्रमुख एमके स्टालिन ने भाजपा पर तीखा हमला करते हुए इसे भारत और मानव जाति का दुश्मन करार दिया। पार्टी कैडरों को हाल ही में जारी पार्टी घोषणापत्र के बारे में बताते हुए और 21 डीएमके उम्मीदवारों के



लिए समर्थन मांगने के लिए लिखे गए पत्र में एमके स्टालिन ने कहा कि आगामी संसदीय चुनावों में हम जिन दुश्मनों का सामना करेंगे, वे न केवल हमारे राजनीतिक दुश्मन हैं, बल्कि वे हैं भारत के दुश्मन। भारतीय संविधान के दुश्मन। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की एकता और अखंडता के दुश्मन। भारत के बहुलवाद और धर्मनिरपेक्षता के दुश्मन। संघवाद के दुश्मन। संक्षेप में मानव जाति के दुश्मन।चूंकि यह स्पष्ट हो गया है कि तमिलनाडु के लोग द्रमुक के नेतृत्व वाले गठबंधन के साथ हैं, इसलिए भाजपा अब तमिल लोगों को आतंकवादियों के रूप में चित्रित कर रही है।

## शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल से गंज बासौदा तक रेल यात्रा के साथ प्रचार अभियान शुरू किया

भोपाल। चौहान (65) दो दशकों के बाद लोकसभा चुनाव मैदान में उतरे हैं और विदिशा से अपना छठा संसदीय चुनाव लड़ेंगे। यह सीट पहले भाजपा नेता अटल बिहारी वाजपेयी (1991) और सुषमा स्वराज (2009 और 2014) के पास थी। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं विदिशा लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार शिवराज सिंह चौहान ने बृहस्पतिवार को भोपाल से गंज बासौदा तक ट्रेन के सामान्य डिब्बे में यात्रियों से बातचीत करते हुए प्रचार अभियान की शुरुआत की। चौहान (65) दो दशकों के बाद लोकसभा चुनाव मैदान में उतरे हैं और विदिशा से अपना छठा संसदीय चुनाव लड़ेंगे। यह सीट पहले भाजपा नेता अटल बिहारी वाजपेयी (1991) और सुषमा स्वराज (2009 और 2014) के पास थी। चौहान से पूछा कि वह लंबे समय के बाद रेल से अपने निर्वाचन क्षेत्र जा रहे हैं तो उन्होंने कहा, '' मैं तब से ट्रेन से यात्रा कर रहा हूं जब मैं सांसद था। मेरा दिल खुशी से भर गया है। मैं गंज बासौदा जा रहा हूं, जो मेरी कर्मभूमि है। लोगों के साथ मेरे पारिवारिक संबंध हैं और मैं उन सभी से मिलने के लिए फिर वहां जा रहा हूं। '' चौहान का गृह क्षेत्र बुधनी, भाजपा का गढ़ माने जाने वाली विदिशा लोकसभा सीट का हिस्सा है। इस सीट पर कांग्रेस ने 1967 के बाद से केवल दो बार (1980 और 1984) जीत हासिल की है। कांग्रेस ने अभी तक इस निर्वाचन क्षेत्र के लिए अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। पूर्व मुख्यमंत्री के साथ उनकी पत्नी साधना भी मौजूद रहीं। यात्रा के दौरान दैनिक यात्रियों से बातचीत करने से पहले उन्होंने एक बच्चे से बातचीत की, जो एक पैर झुलाते हुए पूर्व मुख्यमंत्री की गोद में बैठा था। चौहान ने सलामतपुर, सांची, विदिशा, गुलाबगंज और गंज बासौदा स्टेशनों पर बड़ी संख्या में एकत्र हुए पार्टी कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की। उसने पूछा गया कि अब विदिशा लोकसभा सीट से दो नये क्षेत्र खातेगांव तथा इछावर जुड़ गए हैं और कुरवाई तथा शमशाबाद हटा दिए गए हैं तो क्या इस बार मुकाबला कठिन होगा, चौहान ने कहा कि उन्हें अपनी जीत को लेकर भरोसा है। चौहान ने कहा, '' ...राज्य के लोगों के साथ मेरा दिलों का रिश्ता है। भले ही नये क्षेत्र जुड़ें (विदिशा के साथ), इससे कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि लोगों का प्यार और विश्वास मेरे साथ है।मेरा जीवन उन्हीं को समर्पित है। '' उन्होंने कहा कि उनकी भूमिका भले ही बदल गई हो



लेकिन लोग पीछे नहीं रहेंगे। उन्होंने कहा, '' सांसद भी यहीं रहेंगे। हम मिशन के तहत काम करने वाले कार्यकर्ता हैं। राष्ट्र का पुनर्विकास करना भाजपा का मिशन और हमने पार्टी तथा राष्ट्र के लिए काम करने का फैसला किया है।'' चौहान ने कहा कि पार्टी ने मिशन निर्धारित किया है और वे उसी के अनुसार काम कर रहे हैं। भोपाल–बिलासपुर यात्री गाड़ी के शयन श्रेणी में सामान्य यात्री के तौर पर यात्रा करते समय चौहान कहा,'' पार्टी ने मुझे जो भी बनाया, विधायक से लेकर सांसद और 18 साल तक मुख्यमंत्री बनाया, मैंने दिन–रात जनता के लिए काम किया है। अब पार्टी ने मुझे एक सांसद के रूप में चुनाव लड़ने के लिए कहा है और मैं लोगों की सेवा करने के लिए ऐसा करूंगा।'' उन्होंने कहा कि जब भी उन्हें काम करने का मौका मिला तो उन्होंने महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए काम किया और इसीलिए 'लाडली लक्ष्मी' और 'लाडली बहना' जैसी योजनाएं लागू की गईं। उन्होंने कहा, '' मैं प्रधानमंत्री (नरेन्द्र) मोदी जी के नेतृत्व में फिर से ऐसा करना जारी रखूंगा।'' विपक्षी दलों के गुट 'इंडिया' के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इसके सहयोगी दल, काम और नीतियों के आधार पर एक साथ नहीं हैं। उन्होंने कहा कि वे अपने द्वारा किए गए भ्रष्टाचार के कारण खुद को जेल जाने से बचाने के अपने साझा इरादे से बंधे हैं। उन्होंने टिप्पणी की, '' ये वंशवादी, समान हितों वाले भ्रष्ट लोग मोदी जी से डरते हैं क्योंकि वह हमेशा कहते हैं कि न खाऊंगा, न खाने दूंगा। इसलिए, यह गठबंधन आकार लेने से पहले ही बिखर गया है।'' हाल ही में मध्य प्रदेश से गुजरने वाली राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर चौहान ने कहा कि विधानसभा चुनावों में मध्य प्रदेश के उन क्षेत्रों में कांग्रेस का सफाया हो गया, जहां से उनकी भारत जोड़ो यात्रा गुजरी थी।

चौहान ने कहा कि जब इस बार यह राज्य से गुजरी तो सुरेश पचौरी (पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं गांधी परिवार के करीबी सहयोगी) जैसे वरिष्ठ नेता भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने कहा, '' उनकी यात्रा कांग्रेस छोड़ो यात्रा में बदल गयी। मुझे लगता है कि उनकी मानसिक परिपक्वता बहुत कम है।

## कोई इनाम का कर रहा वादा, कोई वोटर को धमका रहा, लोकसभा चुनाव में बंगाल में कुछ अलग ही दिख रहा नजारा

एजेंसी। बैरकपुर लोकसभा क्षेत्र के तृणमूल उम्मीदवार पार्थ भौमिक ने चुनाव प्रचार के दौरान एक बार फिर वोटरों को लुभाने के लिए लालच दिया है। नैहाटी में उन्होंने कहा कि चुनाव में ज्यादा बढ़त देगी, उन्हें दिसंबर तक आवास योजना का पैसा दे दिया जायेगा। तृणमूल उम्मीदवार के भाषण का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। घटना को लेकर बहस शुरू हो गई है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, उन्होंने नैहाटी में एक कार्यशाला में भाग लिया। तृणमूल उम्मीदवार के भाषण का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। सांसद अभिषेक बनर्जी ने कहा कि यह हमारी घोषित नीति है। इससे पहले रविवार को पार्थ भौमिक अमदंगा के तृणमूल विधायक रफीकुर रहमान के साथ एक कार्यशाला में शामिल हुए। उन्होंने वहां लीड देने वाले को इनाम देने की भी घोषणा की. अमदंगा के तृणमूल विधायक रफीकुर रहमान ने 17 मार्च को कहा अगर वह इन 15,000 वोटों में आगे रहते हैं, तो मैं पार्थ भौमिक से कहूंगा कि हम आपको एक उपहार देंगे। अगर लीड 15 हजार की होगी तो हम गिफ्ट देंगे। उस उपहार की घोषणा मेरे नेता और उम्मीदवार द्वारा की जाएगी। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के लिए इनाम का प्रलोभन ही नहीं, बढ़त न देने पर वोटरों के लिए भी खतरा है।

# लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान के साथ सावधान भी रहें – अखिलेश यादव

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आज पार्टी कार्यकर्ताओं तथा प्रदेश के अन्य सभी मतदाताओं से आग्रह किया कि वे लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान के साथ सावधान भी रहें। उन्होंने कहा बूथ की रक्षा पर भी ध्यान रहे क्योंकि भाजपा हटेगी तभी देश बचेगा। लोकतंत्र और संविधान बचेगा। अखिलेश यादव ने आज समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय 19 विक्रमादित्य मार्ग, लखनऊ में डॉ0 राममनोहर लोहिया सभागार में मीडिया को सम्बोधित करते हुए कहा कि पूरे देश की निगाहें उत्तर प्रदेश पर हैं। उत्तर प्रदेश ही लोकसभा चुनाव में महत्वपूर्ण और निर्णायक भूमिका निभाएगा। भाजपा की साजिश और षडयंत्रों से हमें सतर्क और मतदान के साथ सावधान रहना है। भाजपा के किसी भी बहकावे में नहीं आना है। कहा कि भाजपा चंदा वसूली और चंदा चोरी में बेनकाब हो चुकी है। इसी तरह भाजपा ने कोरोना वैक्सीन बनाने वाली दवा कम्पनी तक से चंदा वसूली की है। चंदा वसूली की पोल खुल जाने से बौखलाई भाजपा विपक्ष पर हमलावर है। देश की भोली भाली जनता को पता ही नहीं चला कि वैक्सीन बनाने वाली कम्पनी से भी चंदा वसूली कर ली गई। भाजपा विपक्षियों के अब कुछ एकाउण्ट सीज कर रही है क्योंकि उसकी चंदा वसूली और चंदा चोरी उजागर हो गयी है। अखिलेश यादव ने कहा कि देश में किसानों को हक दिलाने के लिए चौधरी चरण सिंह जी से बड़ा नेता कोई नहीं रहा। उन्होंने सबसे पहले गरीब, किसान की आवाज उठाई थी और उनको हक दिलाने के लिए संघर्ष किया। हम सब उन्हीं के रास्ते पर चलने का काम मिलकर करेंगे। कहा कि भारतीय जनता पार्टी हटेगी तो देश में लोकतंत्र बचेगा। बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी का बनाया संविधान बचेगा। भाजपा हारेगी तो नौजवानों को नौकरी मिलेगी, किसानों को उनकी फसल की एमएसपी मिलेगी। किसान, व्यापारियों, छात्र–नौजवानों, बहन–बेटियों का सम्मान बचेगा। आने वाले मतदान के दिन याद रहे समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में भारी मतदान कर भाजपा हटाओं, देश बचाओं।

# हाथ को मजबूत करने का काम कर रहा है – लोकदल

## लोकतंत्र को बचाने के लिए, किसानों का उनका हक दिलाने के लिए लोकदल इंडिय गठबंधन के साथ ।

लखनऊ(आरएनएस) । लोकतंत्र को बचाने, किसानों को उनका हक एवं समान विचारधारा रखने वाले भारत जोड़ो नया यात्रा में इण्डिया गठबंधन के साथ आज है। आज लखनऊ में लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने प्रेस के माध्यम से कहा है कि राष्ट्रीय लोकदल (आरएलडी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी द्वारा इंडिया गठबंधन से अलग होकर एनडीए में शामिल होने के बाद हुए रिक्त स्थान की पूर्ति करने के लिए मुंबई में राहुल गांधी के हाथ को मजबूत करने के लिए भारत जोड़ो न्याय यात्रा मुंबई में शामिल हुआ। वर्ष 1979 से 1980 में तत्कालीन श्रीमती इंदिरा गांधी के सहयोग से चौधरी चरण सिंह देश के प्रधानमंत्री बने और किसान हित में कई फैसले लिए थे उन्होंने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा भारत रत्न दी जाने के बाद राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने जिस तरह से इंडिया गठबंधन से अलग होकर एनडीए में शामिल होने का निर्णय लिया है इससे किसानों में काफी रोष है। किसान नाराज है।अब किसानों ने भी तय कर लिया है कि भाजपा के साथ जाने वाली राष्ट्रीय लोकदल को आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव में करारा जवाब दिया जाएगा । सुनील सिंह जी ने कहा है कि कांग्रेस नेता तथा सांसद राहुल गांधी द्वारा चलाए जा रहे भारत जोड़ो में यात्रा इस देश की एकता, अखंडता और भाईचारे को बढ़ाने के लिए सही दिशा में कार्य कर रहे हैं।राहुल गांधी और हमारी विचारधारा समान है इसलिए लोकदल भारत जोड़ो न्याय यात्रा से जुडकर लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए इंडिया गठबंधन का साथ दे रहे है। आज लोकतंत्र खतरे में है।न्याय पालिका खतरे में है।प्रेसवार्ता में सुनील सिंह जी ने कहा हमारा उद्देश्य उस विचारधारा के खिलाफ खड़ा होना है जो इस देश की नींव को नष्ट करना चाहती है। इलेक्ट्रोबॉन्ड के प्रश्न पर मीडिया से बताया एसबीआई ने इलेक्शन कमिशन को दी जानकारी में बॉन्ड के नंबर छिपा लिए हैं।

# युवतियों व महिलाओं ने अवधी होली नृत्य की छटा बिखेरी

लखनऊ(आरएनएस)। श्हरि धरे मुकुट खेले होली आज अवधा में होली रे रसिया.. श यह वह अवधी फाग के गीत थे, जिस पर युवतियों और महिलाओं ने अवधी होली नृत्य प्रस्तुत कर मानो सम्पूर्ण अवध को होली के रंग में रंग दिया हो। यह खुबसूरत मौका था आज शाम उड़ान संस्था के तत्वावधान में संस्था के फरीदी नगर स्थित प्रांगण में आयोजित उड़ान होली रंग उत्सव का। उड़ान होली रंग उत्सव का शुभारम्भ मुख्य अतिथि मिथिलेश सिंह, विशिष्ट अतिथि रश्मि चौधरी और लोक नृत्यांगना सरिता सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया। ढोलक की थाप, मंजीरे और झांझर की झंकार पर महिलाओं ने सर्व प्रथम विघ्न विनाशक गणेश जी की स्तुति कर अपनी अगाधा श्रद्धा अर्पित की। भक्ती – भावना से परिपूर्ण इस प्रस्तुति के उपरान्त अवधी पारंपरिक होली गीतों श्हरि धरे मुकुट खेले होली आज अवध में होली रे रसियाश एवं रंगी सारी गुलाबी चुनरियाश पर जानवी गुप्ता, सीमा राय, ज्योति सिंह, सविता कनौजिया, रितु सिंह, प्रियम पांडे, स्वरा त्रिपाठी, ममता और सोनी वर्मा ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का दिल जीत लिया। श्रंग डालो ना नंद के लालश पर सरिता सिंह के नृत्य निर्देशन में निशा, लक्ष्मी, उषा, कल्पना, नीरज, सुनीता गुप्ता, रीता यादव, आभा श्रीवास्तव, पूजा गुप्ता, मोहिनी ढपोला, रचना, रिंकू और रितिका ने रंग– गुलाल और फूलों से होली खेलते हुए आकर्षक होली नृत्य प्रस्तुत कर अवध को होली के रंग में रंग दिया।सरिता सिंह के संयोजन मे अवधी लोक संगीत से परिपूर्ण इस प्रस्तुति के उपरान्त वंदना, डॉ रेखा चौधरी, डॉ मंजू बाला, संगीता देवी, गीता सिंह, सीमा सिंह, रिया यादव, प्रतिमा, निती, आरती, रिता और उषा तिवारी ने अबीर–गुलाल से होली खेलते हुए आज अवध में होली रे रसिया, मेरो खोए गयो बाजू बंद रसिया होरी में गीत पर अवधी होली नृत्य प्रस्तुत कर सम्पूर्ण वातावरण को होली के रंग के मानिन्द सराबोर कर दिया।

# लोकतंत्र और आरक्षण बचाने की निर्णायक लड़ाई उत्तर प्रदेश में – अखिलेश यादव

लखनऊ(आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि संविधान, लोकतंत्र और आरक्षण बचाने की निर्णायक लड़ाई उत्तर प्रदेश में हो रही है। इंडिया गठबंधन भाजपा को उत्तर प्रदेश की सभी अस्सी और पूरे देश में चार सौ सीटों पर हराएगा। भाजपा ने दस वर्षों की सरकार में सभी वर्गों को धोखा दिया है। महंगाई, बेरोजगारी चरम सीमा पर पहुंच गई है। भाजपा ने किसानों से झूठे वादे किये। नौजवानों का भविष्य बर्बाद कर दिया। किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई। खेती करना महंगा हो गया। स्मार्ट सिटी बनी नहीं, बिजली महंगी है। भाजपा की दस साल की सरकार में देश में कर्ज और आर्थिक तंगी के चलते एक लाख से ज्यादा किसानों ने आत्महत्या कर ली। समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में बुधवार को मीडिया को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने नौजवानों को नौकरी नहीं दी। नौजवानों से झूठे वादे करती रही। भाजपा प्रतियोगी छात्रों को नौकरी नहीं देना चाहती है। जानबूझकर पेपर लीक कराती है। उत्तर प्रदेश में हर परीक्षा का पेपर लीक हो जाता है। प्रतियोगी परीक्षाओं में भारी धांधली हुई। परिवार की गाढ़ी कमाई लगाकर दिन रात मेहनत करने वाले छात्रों के जीवन के साथ भाजपा ने खिलवाड़ किया। कहा कि पिछड़ों, दलितों और अन्य आरक्षित वर्ग के छात्रों को भाजपा ने नियमानुसार आरक्षण नहीं दिया। गरीबों के साथ अन्याय हुआ। भाजपा किसान, नौजवान, गरीब विरोधी है। भाजपा सरकार ने खाने–पीने की चीजों से लेकर डीजल–पेट्रोल, रसोई गैस, बिजली सब महंगी कर दी। उद्योगपतियों और बड़ी कम्पनियों को मुनाफा कराया। देश की गरीब और मध्यम वर्ग जनता को तबाह कर दिया। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त है। कानून व्यवस्था पर जीरों टालरेंस का दावा जीरो हो चुका है। अपराधियों में कानून का डर नहीं है। जौनपुर में फेंक एनकाउण्टर हुआ, प्रतापगढ़ में हिरासत में मौत हुई। तत्काल पुलिस रिस्पांस सिस्टम यूपी डायल 100 को भाजपा सरकार ने 112 बनाकर बर्बाद कर दिया। भाजपा सरकार कानून व्यवस्था संभालने में पूरी तरह से विफल है। सरकार और पुलिस प्रशासन की नाकामी के कारण प्रदेश में हर दिन हत्याएं हो रही है। किसान, गरीब जनता के साथ हो रहे अन्याय, अत्याचार को भूलने वाले नहीं है।

# कानून व्यवस्था के मोर्चे पर बुरी तरह फेल है योगी सरकार–अजय राय

लखनऊ(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश में रोज हो रहे अपराध इस बात का इशारा है कि कानून का डर पूरी तरह से अपराधियों में खत्म हो गया है। बदाँयू में दो मासूमों की निर्मम हत्या ने प्रदेशवासियों के दिलों को झकझोर कर रख दिया है। आए दिन इस अपराधा प्रदेश में कोई न कोई किसी न किसी अपने को बदहाल कानून व्यवस्था की बलि चढ़ते हुए देख रहा है।उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने जनपद बदायूं दिल दहला देने वाली घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ठोंक डालो संस्कृति तो विकसित कर दी परन्तु न तो अपराध रोक पाए और न ही अपराधियों के मन में कानून का डर स्थापित कर पाये। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री राय ने कहा कि सिर्फ पिछले तीन दिनों की बात करें तो मुजफ्फरनगर में सिपाही द्वारा शिक्षक की हत्या, जनपद पीलीभीत में ऑनर किलिंग, सीतापुर में युवक की हत्या, आगरा में नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म, बिजनौर में महिला की सिर काटकर हत्या जैसे जघन्य प्रदेश की कानून व्यवस्था के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ झूठे दावों के मुंह पर तमाचा है। दुर्भाग्य यह है कि बदाँयू जैसी दर्दनाक घटना को भी हिन्दू मुस्लिम का रंग दे रही है योगी सरकार। सच यह है कि अपराधियों का कोई जाति और धर्म नहीं होता, वह सिर्फ अपराधी होते हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि योगी जी या तो कानून व्यवस्था की स्थिति सुधार लें अथवा अपनी नाकामी स्वीकार करते हुए अपने पद से तत्काल इस्तीफा दे दें।

# एलडीए में लगे दो दिवसीय निबंधन शिविर में 66 आवंटियों ने करायी रजिस्ट्री

लखनऊ(आरएनएस)। विकास प्राधिकरण की विभिन्न आवासीय एवं व्यावसायिक सम्पत्तियों की रजिस्ट्री के लिए लगाये गये विशेष निबंधन शिविर के अंतिम दिन बुधवार को 42 आवंटियों के पक्ष में रजिस्ट्री निष्पादित की गयी, जबकि रजिस्ट्री के 05 नये प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। प्राधिकरण द्वारा आयोजित किये गये इस दो दिवसीय निबंधन शिविर में कुल 66 आवंटियों की रजिस्ट्री की गयी है।अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर विभिन्न आवासीय एवं व्यवसायिक सम्पत्तियों का आवंटन किया गया है। इनमें काफी संख्या में सम्पत्तियों की रजिस्ट्री अभी तक नहीं हो पायी है। इसे ध्यान में रखते हुए आवंटियों की सहूलियत के लिए दिनांक–19.03.2024 से 20.03.2024 तक प्राधिकरण भवन के बारादरी लॉन में विशेष निबंधन शिविर का आयोजन किया गया। कैम्प में प्राधिकरण के गणना, लेखा, नियोजन व सम्पत्ति अनुभाग के समस्त सम्बंधित अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ निबंधन विभाग की टीम भी उपस्थित रही। इससे सम्पत्तियों के निबंधन सम्बंधी दस्तावेज तैयार करने तथा उनके पंजीयन की कार्यवाही एक ही जगह सम्पादित की गयी।मंगलवार को शिविर के पहले दिन 24 आवंटियों की रजिस्ट्री की गयी थी। वहीं, बुधवार को दिन भर चली कार्यवाही के दौरान 42 आवंटियों के पक्ष में सम्पत्ति का निबंधन किया गया। जिसमें विभिन्न अपार्टमेंट्स के फ्लैट, कानपुर रोड योजना, अलीगंज, जानकीपुरम विस्तार, शारदा नगर व बसन्तकुंज समेत अन्य योजनाओं की सम्पत्तियां शामिल हैं।

# चुनाव में सांसद प्रत्याशी खर्च कर सकेंगे 95 लाख रुपए




रायबरेली(आरएनएस) ।लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी अधिकतम 95 लाख रुपये खर्च कर सकेंगे। इसमें चुनाव प्रचार से लेकर रैली में होने वाले व्यय को जोड़ा जाएगा। निर्धारित सीमा से अधिक खर्च करने वाले प्रत्याशियों की अलग सूची बनाई जाएगी। पूर्व में खर्च की सीमा 70 लाख रुपये थी। महंगाई को देखते हुए चुनाव आयोग ने खर्च सीमा में 25 लाख रुपये की वृद्धि की है ।निर्वाचन कार्यालय के अनुसार, नामांकन के समय ही प्रत्याशियों को व्यय रजिस्टर दिया जाएगा। प्रत्याशी को नया बैंक खाता खुलवाना होगा। इसी बैंक खाते से चुनाव प्रचार से संबंधित रकम का भुगतान किया जाएगा। नियमित अंतराल पर रजिस्टर की जांच की जाएगी। रजिस्टर में जानकारी अंकित नहीं करने पर कार्रवाई होगी ।जल्द होगा वाहनों का अधिग्रहणलोकसभा चुनाव के लिए जल्द ही बसों और निजी वाहनों के अधिग्रहण की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी। प्रशासन की ओर से जारी निर्देश के हिसाब से परिवहन विभाग भी बसों के इंतजाम में जुट गया है। एआरटीओ प्रशासन आरके सरोज ने बताया कि निर्धारित संख्या में वाहनों के अधिग्रहण की प्रक्रिया जल्द ही शुरू होगी ।घर बैठे बुजुर्ग कर सकेंगे मतदानइस बार के लोकसभा चुनाव में दिव्यांग व 85 वर्ष से अधिक बुजुर्ग मतदाताओं को निर्वाचन आयोग ने मतदान के लिए विशेष सहूलियत प्रदान की है। उन्हें पोलिंग बूथ पर नहीं जाना पड़ेगा। वह घर से ही अपने पसंदीदा प्रत्याशी को वोट कर सकेंगें। इसके लिए उन्हें नामांकन के पूर्व फॉर्म 12–डी दिया जाएगा। जिससे वह पोस्टल बैलेट से मतदान कर सकें। जिले में इस तरह के मतदाताओं की संख्या 45 हजार है। इस नई व्यवस्था से मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी होगी।

वर्जन लोकसभा चुनाव में व्यय की अधिकतम सीमा 95 लाख रुपये तय की गई हैं। हर खर्च पर आयोग की टीम कड़ी निगरानी करेगी। इसमें चाय की चुस्कियों से लेकर नाश्ता तक चुनावी खर्च में शामिल होगा।

# मतदाताओं को जागरूक करने निकाली गई रैली

ऊंचाहार,रायबरेली(आरएनएस) ।तहसील क्षेत्र में गुरुवार को लोकसभा चुनाव के अनुक्रम में कस्बे के मुस्तफाबाद प्राथमिक विद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र प्रताप सिंह द्वारा की गई । वहीं कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी रिचा सिंह उपस्थित रही। यह कार्यक्रम लोकसभा सामान्य निर्वाचन में औसत से कम मतदान वाले विधानसभा क्षेत्र में आयोजित किया जा रहा है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने उपस्थित अभिभावकों, ग्रामीणों, बच्चो एवं शिक्षकों से होली के अवसर पर प्रवासी मतदाताओं से मिलकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रयास करने को कहा, साथ ही मतदाता जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने भागीदारी की। इस अवसर पर शिक्षक अतीश कुमार,सत्येश वर्मा, कमलेंद्र सिंह,अमित मौर्य,शैलेन्द्र पांडेय,अंजू यादव, अनुज मिश्रा नंदू जायसवाल अनिल कुमार,आदित्य ,सोमू जायसवाल उपस्थित रहे।

# हिण्डाल्को में स्थानीय पत्रकारों संग मनाया गया वैल्यूज मंथ

रेणुकूट,सोनभद्र ।(आरएनएस) आदित्य बिड़ला समूह मूल्यों को जन–जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से हर वर्ष समस्त समूह कम्पनियों में वैल्यूज मंथ का आयोजन किया जाता है जिसके अंतर्गत कम्पनी के समस्त स्टेक होल्डर्स के साथ समूह मूल्यों को साझा किया जाता है। इसी क्रम में गुरुवार गुरूवार को हिण्डाल्को रेणुकूट के विश्राम गृह प्रांगण में स्थानीय पत्रकारों के साथ वैल्यूज मंथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्थान के जनसम्पर्क प्रमुख यशवंत कुमार ने आमंत्रित समस्त मीडियाकर्मियों का स्वागत करते हुए कहा कि सन 2004 में आदित्य बिड़ला समूह ने पांच मूल्य निर्धारित किए थे और समूह का उद्देश्य है कि सभी कर्मचारी अपने सभी क्रिया–कलापों में इन मूल्यों का अनुसरण करें।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्थान के ई.आर. हेड अजय सिन्हा ने समूह के पांचों मूल्यों की जानकारी देते हुए कहा कि यह केवल हमारे समूह के ही मूल्य नही है बल्कि प्रत्येक मनुष्य के जीवन के लिए ये मूल्य उतने ही आवश्यक है और हम सभी अपने रोजमर्रा के जीवन में इन्ही मूल्यों का अनुसरण करते हुए ही कार्य करते है। विशिष्ट अतिथि एच.आर.डी. प्रमुख सुश्री वनिता वासनिक ने समूह मूल्यों का बहुत ही सरस एवं सरल शब्दों में व्याख्या करते हुए कहा कि आदित्य बिड़ला समूह के पांचों मूल्य ईमानदारी, प्रतिबद्धता, कार्य करने में उत्साह, भेदभाव रहित कार्य शैली व गतिशीलता का अनुसरण हर व्यक्ति अपने जीवन के प्रत्येक दिन करता है इसलिए ये पांचों मूल्य केवल आदित्य बिड़ला समूह के कर्मचारियों व उनके परिवारजनों के लिए ही नही अपितु सभी के लिए आवश्यक है। इस अवसर पर एच.आर. विभाग के आशुतोष परीदा ने ग्रुप पर्पज अर्थात् आदित्य बिड़ला समूह के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विभिन्न मीडिया संस्थानों के लगभग 30 पत्रकार सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के दौरान सभी मीडियाकर्मियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रशांत श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में सुरक्षा विभाग के मेजर (से.नि.) देवेन्द्र ओंकार, सजल साहा, प्रशांत कुशवाहा, शरद, विवेक शुक्ला एवं प्रमोद कुमार आदि उपस्थित रहे।

# पाक्सो एक्ट–दोषी शीतल प्रसाद को 3 वर्ष की कठोर कैद

सोनभद्र ।(आरएनएस) साढ़े 7 वर्ष पूर्व नाबालिग लड़की के साथ हुए छेड़खानी के मामले में अपर सत्र न्यायाधीशधविशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र अमित वीर सिंह की अदालत ने बृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी शीतल प्रसाद को 3 वर्ष की कठोर कैद एवं 10 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 8 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक शक्तिनगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता की मां ने 25 अक्तूबर 2016 को कोर्ट में दिए धारा 156(3) सीआरपीसी के प्रार्थना पत्र में अवगत कराया था कि उसकी 14 वर्षीय नाबालिग बेटी 17 सितंबर 2016 को शाम 7 बजे पड़ोसन महिला के साथ ज्वालामुखी मंदिर दर्शन करने जा रही थी तभी रास्ते में सुनसान जगह पर शीतल प्रसाद पुत्र दीनबंधु उर्फ बंधुराम निवासी प्राइवेट बस स्टैंड शक्तिनगर ने उसकी नाबालिग बेटी के साथ छेड़छाड़ करने लगा तथा उसका हाथ पकड़ कर खींचने लगा। शोरगुल की आवाज सुनकर कई लोग आ गए तब बेटी की इज्जत बची और वह छोड़कर भाग गया। दूसरे दिन सुबह बेटी को लेकर थाने पर गई और तहरीर दी जिसपर पुलिस ने आरोपी शीतल प्रसाद को दो दिन तक थाने पर बैठाने के बाद छोड़ दिया। तब एसपी सोनभद्र को रजिस्टर्ड डाक से सूचना दिया, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। विवेचना के दौरान पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने कोर्ट में छेड़खानी और पाक्सो एक्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी शीतल प्रसाद को 3 वर्ष की कठोर कैद एवं 10 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 8 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश कुमार अग्रहरी, सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

## बैरखड़ में पांच दिन पहले मनाई होली, पुरखों से आ रही परंपरा का निर्वाह करते हैं ग्रामीण

दुद्धी, सोनभद्र(आरएनएस)। विंढमगंज थाना क्षेत्र के आदिवासी बाहुल्य बैरखड़ गांव में गुरुवार को ग्रामीणों ने होली का पर्व बड़े उत्साह एवं धूमधाम से मनाया। इससे पहले बुधवार को रात में बारह बजे के बाद होलिका दहन किया गया। ग्रामीणों की भारी मौजूदगी में गांव के गवंहा मानरूप एवं बैगा हरि चरण ने होलिका की विधिवत पूजा अर्चना कर उसे अग्नि के हवाले कर दिया। अगले दिन गुरुवार को धुलड्डी और रंगों का त्यौहार उत्साह पूर्वक मना। इस दौरान आदिवासियों ने अपने प्रिय वाद्ययंत्र मानर की

# लुप्त होती जा रही है फाग गीतों की प्राचीन परम्परा, ढ़ोल मजीरा एवं मानर की नहीं सुनाई देती थाप

दुद्धी, सोनभद्र(आरएनएस)। रंगों का त्यौहार होली आने में अब सप्ताह भर से भी कम समय बचा है बावजूद इसके कहीं फाग गीत सुनने को नहीं मिल रहे हैं और न ही होली को लेकर पहले जैसी उत्साह देखी जा रही हैं ।क्षेत्रों में कुछ गीत बज रहे हैं लेकिन वह साउंड बाक्सों पर ही सुनाई दे रहा है। ढोल मजीरे और झाल की थाप पर गीत नहीं सुनाई दे रहे हैं। ऐसा लग रहा है मानो फाग गीतों की परम्परा लुप्त होने की कगार पर पहुँच रहे हैं । बता दें कि एक समय था कि फाल्गुन माह आते ही ढोल मजीरों की थाप और फाग गीतों की गूंज लोगों को आह्लादित कर देते थे और महीनें भर होली गीत के साथ हर्ष और उल्लास चलता रहता था। लेकिन अब समय के साथ–साथ स्वस्थ पारंपरिक फाग गीतों की परंपरा भी लुप्त होती जा रही है और लोग मार्डन युग की होली सिर्फ मोबाइल पर सुनने के बेबस देखें जा सकते हैं। फाग गीतों की लुप्त होती परम्परा को लेकर बुजुर्ग काफी चिंतित है कि हमारी संस्कृति की पहचान होली गीत की परम्परा विलुप्त होने की कगार पर है। हालांकि गांवों में कुछ बुजुर्ग कहीं–कहीं इस परंपरा को जीवित करने की कवायद में लगे हुए हैं और ढोलक एवं मजीरा तथा मानर की ताल पर होली गीतों की परम्परा को जीवित रखने में सहयोग दे रहे हैं। एक–दो दशक पहले फाल्गुन मास आते ही जगह–जगह फाग गीतों व ढोल मजीरों की आवाजें लोगों को घरों से निकलने को विवश कर देती थी। लोग एक साथ बैठकर स्वस्थ पारंपरिक फाग गीतों का आनंद लेते थे। अब गांव में न वह टोली दिखती है न वह स्वस्थ पारंपरिक गीत। जब गांव में फगुहारो की टोली चलती थी। वह परंपरा अब लुप्त होने के कगार पर है।

बुजुर्ग लोग बताते हैं कि कुछ दशक पहले फाल्गुन माह आते ही गांवों में कई स्थानों पर फाग गीत गाने वालों की महफिलें सजने लगती थी। लेकिन वक्त के साथ–साथ सब कुछ बदल गया है ।अब आधुनिकता की चकाचौंध और पश्चिमी संस्कृति के चलते पुरानी फाग गायकी की परंपरा लुप्त होती जा रही है और लोग मोबाइलों एवं डी जे पर ही फाग गीतों का आनन्द ले रहे है । पुरानी परम्पराओं में फगुवा गायन में विशेषकर ताल,अर्ध तीन ताल, दादरा, कहरवा का आनंद अब दुर्लभ हो गया है ।अगर इसी तरह आधुनिक युग के युवा होली गीतों की परम्परा से दूर भागते गये तो आने वाले समय में होली गीतों की परम्परा को संजोना काफी मुश्किल हो सकता है । लोगों ने कहा कि इस परंपरा को संरक्षित नहीं किया गया तो यह भविष्य में केवल इतिहास बनकर रह जाएगी।

# छात्रों में प्रारम्भ से ही वैश्विक दृष्टिकोण का विकास करेंरुश्री सुबूर एच उस्मानी, आई.आर.एस., इनकम टैक्स कमिश्नर

लखनऊ, 21 मार्च। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, स्टेशन रोड कै
के तत्वावधान में 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' का भव्य आयो
आज सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। मु
अतिथि श्री सुबूर एच उस्मानी, आई.आर.एस., इनकम टैक्स कमि
ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया। इस अवसर
बोलते हुए श्री उस्मानी ने कहा कि छात्रों में प्रारम्भ से ही वैशि
दृष्टिकोण का विकास करें, जिससे ये छात्र आगे चलकर वि
समाज में अपनी रचनात्मक भागीदारी निभा सकें। इस अवसर
श्री उस्मानी ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, साँस्कृतिक कार्यक्र
खेलकूद प्रतियोगिताओं एवं वार्षिक परीक्षा में सर्वोच्चता अर्जित क
वाले मेधावी छात्रों को पुरष्कृत कर सम्मानित किया।इस अवसर
सी.एम.एस. संस्थापिका–निदेशिका डा. भारती गाँधी ने अपने स
ान में डा. गाँधी ने कहा कि हमारी संस्कृति 'उदारचरितानाम,
ैव कुटुम्बकम' की है और इन्हीं विचारों के अनुरूप हमें अपने ब
को विकास करना चाहिए। सी.एम.एस. स्टेशन रोड कैम्पस की
ाानाचार्या श्रीमती दीपाली गौतम ने समारोह में पधारकर बच्चों
हौसलाअफजाई करने के लिए अभिभावकों को हार्दिक धन्य
ज्ञापित किया।

सी.एम.एस. गोमती नगर द्वितीय कैम्पस द्वारा भी 'डिव
एजुकेशन कान्फ्रेन्स' का आयोजन आज विद्यालय के ऑडिटोि
में किया गया। छात्रों ने अभिभावकों के समक्ष न सिर्फ अ
बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया अपितु विद्यालय द्वारा प्रदान
जा रही ब्राडर एवं बोल्डर शिक्षा पद्धति से अभिभावकों को अव
कराया। इस अवसर पर सी.एम.एस. गोमती नगर द्वितीय कै
की वरिष्ठ प्रधानाचार्या सुश्री मंजीत बत्रा ने कहा कि यदि स्कूल
आध्यात्मिकता, नैतिकता एवं चारित्रिक उत्कृष्टता का वाताव
होगा तो बालकों में भी यही गुण विकसित होंगे और ऐसे ही बा
आगे चलकर सामाजिक व्यवस्था में रचनात्मक बदलाव का क
बनेंगे। प्रधानाचार्या श्रीमती संगीता बनर्जी ने विद्यालय के शिक्षक
अभिभावकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।



## यूनिसेफ और सीएमएस रेडियो का साझा प्रयास 'सतरंगी धरा बचपन हरा भरा'

लखनऊ, 21 मार्च। सिटी मोन्टेसरी स्कूल के कम्युनिटी रेडियो एवं यूनिसेफ लखनऊ के तत्वावधान में आज बच्चों के लिए विशेष कार्यक्रम 'सतरंगी धरा, बचपन हरा भरा' की भव्य लांचिंग सी.एम.एस. गोमती नगर प्रथम कैम्पस के विशाल प्रांगण में सम्पन्न हुई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भावी पीढ़ी को साफ–सुथरी धरती व संतुलित पर्यावरण हेतु जागरूक करना एवं पर्यावरण संरक्षण में उनकी सहभागिता का बढ़ावा देना है।



इस समारोह में यूनिसेफ के जल एवं स्वच्छता विशेषज्ञ, श्री नागेन्द्र सिंह, यूनिसेफ की स्टेट कम्युनिकेशन कंसल्टेंट श्रीमती ऋचा श्रीवास्तव, सी.एम.एस. गोमती नगर प्रथम कैम्पस की प्रधानाचार्या श्रीमती आभा अनन्त, सी.एम.एस. फिल्म एवं रेडियो डिवीजन के विभागाध्यक्ष श्री आर. के. सिंह, एक्टिविटी कोआर्डिनेटर डा. मंजू आनंद के साथ ही सी.एम.एस. कम्युनिटी रेडियो टीम के सदस्य समेत कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर यूनिसेफ के जल एवं स्वच्छता विशेषज्ञ, श्री नागेन्द्र सिंह ने कार्बन फुटप्रिंट्स पर प्रेजेंटेशन प्रस्तुत करते हुए बच्चों, शिक्षकों और कम्युनिटी सदस्यों के साथ इंटरएक्टिव सेशन किया और दर्शकों की जिज्ञासा का समाधान किया। श्री नागेन्द्र ने लाइव फोन इन कार्यक्रम में श्रोताओं से बातचीत कर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। इस अवसर पर ग्रीन क्रुसेडर्स क्लब के सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण पर नुक्कड़ नाटक और पानी एंथम प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन श्री रवींद्र त्रिपाठी एवं श्रीमती वनिता शर्मा द्वारा किया गया। सी.एम.एस. संस्थापिका–निदेशिका डा. भारती गाँधी एवं सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सी.एम.एस. रेडियो की इस उपलब्धि पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त की है।

## शांति के लिए जल हेतु आयोजित होगा वाटर लीडर्स सम्मेलन

झांसी। परमार्थ समाज सेवी संस्थान एवं बुन्देलखण्ड अभियान्त्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में बीआईईटी, कोंछाभवर के सभागार में विश्व जल दिवस के अवसर पर वाटर लीडर्स कन्वेंशन का आयोजन किया जा रहा है। इस कन्वेंशन का मुख्य उददेश्य लोगों में जल संरक्षण के बारे में जागरूकता लाना है एवं जो बुन्देलखण्ड क्षेत्र में अद्वितीय कार्य कर रहे है, उन्हें सम्मानित करना है।



कन्वेंशन के संयोजक संजय सिंह ने बताया कि जल शांति एवं विवाद दोनों को उत्पन्न कर सकता है। जब जल की कमी या लोगों को असमान या कोई पहुंच नहीं होती है, तो समुदायों, राज्यों और देशों के बीच तनाव बढते है। वर्तमान में वैश्विक रूप से 3 अरब से अधिक लोग उस जल पर निर्भर करते हैं जो राष्ट्रीय सीमाओं को पार करता है। बुन्देलखण्ड में भी जल संकट को प्रकोप लगातार बढ रहा है। पूरे प्रदेश में सबसे ज्यादा तापमान बुन्देलखण्ड के क्षेत्रों में रहता है। इसका सीधा असर हमारी आर्थिक एवं सामाजिक समृद्धि पर पड रहा है। जल संकट की समस्याएं भले ही वैश्विक एवं देशव्यापक हैं, लेकिन स्थानीय स्तर पर ही प्रभावी रूप से उनका सामना किया जा सकता है। पूरे देश में कई ऐसे क्षेत्र है जहां पानी ने उस क्षेत्र के गांवों में लोगों के जीवन में शांति कैसे आयी है, यह साफ तौर पर स्पष्ट होता है। बुन्देलखण्ड जैसे क्षेत्र में सामुदायिक नियंत्रित से जल संरक्षण के साथ संभावित परिवर्तन के जीवंत उदाहरण हैं।

## पुलिस एवं आइटीबीपी के जवानों ने किया फ्लैग मार्च

झांसी! गरौठा आगामी लोकसभा चुनाव को भयमुक्त, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से पुलिस क्षेत्राधिकारी गरौठा रामवीर सिंह के नेतृत्व में गरौठा सर्किल के थाना ककरवई अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में पुलिस एवं भारतीय तिब्बत सीमा बल के जवानों ने पैदल फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च के माध्यम से पुलिस बल ने मतदाताओं को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी रामवीर सिंह ने बताया की निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से लोकसभा चुनाव संपन्न कराने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है जिससे मतदाता निर्भीक होकर निष्पक्ष तरीके से अपने मत का प्रयोग कर सकें। उन्होंने कहा कीचुनाव के दौरान गड़बड़ी एवं कानून व्यवस्था प्रभावित करने के प्रयास बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।यदि कोई व्यक्ति अराजकता फैलाने की कोशिश करता है तो उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी।इस दौरान पुलिस एवं भारतीय तिब्बत सीमा बल के संयुक्त जवानों ने थाना क्षेत्र अंतर्गत संवेदनशील मतदान केंद्र ग्राम डुमरई, हीरानगर, कचीर, सिया, कैरोखर, बरगांय खंगार आदि ग्रामों में पैदल फ्लैग मार्च किया। इस मौके पर थानाध्यक्ष ककरवई कौशल किशोर मिश्रा, उप निरीक्षक बाबूराम, उप निरीक्षक हरनाम सिंह,उप निरीक्षक जानकी प्रसाद, उप निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, सहित समस्त पुलिस स्टाफ एवं भारतीय तिब्बत सीमा बल के बड़ी संख्या में जवान मौजूद रहे।

## नॉर्थ सेंट्रल एम्पलाईज संघ झांसी ने उठाई स्टेशन से चित्रा चौराहे जान वाले मार्ग मे डिवाईडर बनाने की मॉग

झांसी! आज कोलोनी इंस्पेक्शन ग्रुप की मंडल मुख्यालय कार्यकारिणी का निरीक्षण रेलवे पूर्व एवं पश्चिम कालोनी मे किया गया जिसमे संघ का प्रतिनिधित्व सी.आई.जी मंडल मुख्यालय के सदस्या श्री गौरव श्रीवास्तव के द्वारा किया गया है । इस निरीक्षण के दौरान गौरव श्रीवास्तव ने रेलवे कालोनी पूर्व क्षेत्र मे आवासो की जर्जर स्थिति से प्रशासन को प्रत्यक्ष रूप से अवगत कराया व इन आवासो मे नाली निकासी नही होने समस्या व सीवरेज ड्रेनेज न होने से एकत्रित गंदगी की सफाई और स्थाई निराकरण की मॉग की जिसपर गहन चर्चा के उपरान्त सहमति बनी ।इस निरीक्षण के मध्य श्री गौरव श्रीवास्तव के द्वारा अधिकारियों के काफिले के साथ स्टेशन वाले चौराहे वाले मार्ग पर खड़ा करते हुये वहा की भयावह स्थिति से अवगत कराया । श्री गौरव श्रीवास्तव ने बताया कि इस मार्ग पर डिवाईडर न होने से मार्ग के मध्य मे वाहन अनियंत्रित होकर चलते है जिससे आये दिन वहा एक्सीडेंट होने के कारण उस मार्ग की स्थिति अत्याधिक ख्खराब बनी रहती है व डिवाईडर के मध्य मे रोड के दोनो ओर प्रकाश के लिये लाईट लगाई जाये ।इसी दौरान मालगोदाम के पास स्थित ऑटो स्टेंड के पास, भारत माता मंदिर के पास बी आवासीय कालोनी मे एकत्रित गंदगी की सफाई को लेकर चर्चा हुई व रानी लक्ष्मी नगर स्थित पार्क के जिर्णोधार को लेकर संघ द्वारा मॉग उठाई गई इसके साथ बाल मंदिर के पास निर्मला कान्वेंट की ओर जाने वाले मार्ग की सड़क को पक्का करने की सहमति हुई यह निरीक्षण के उपरान्त इसकी विस्तुत आख्या मंडल अध्यक्ष श्री रामकुमार सिंह एवं मंडल सचिव श्री भानु प्रताप सिंह चंदेल जी प्रस्तुत की गई जिस पर उनके निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक पक्ष से मांग की गई कि इन सभी समस्यओं का शीघ्र निस्तारण कराया जाये।

## नवीनतम न्यूरोसर्जिकल प्रगति पर शैक्षिक सेमिनार का सफलतापूर्वक आयोजन किया

झांसी! आर्टेमिस हॉस्पिटल गुरुग्राम ने हाल ही में न्यूरोसर्जरी और नॉन –इनवेसिव रेडियोसर्जरी प्रौद्योगिकियों में नवीनतम प्रगति पर ध्यान केंद्रित करते हुए आगरा में एक शैक्षिक सेमिनार का आयोजन किया। सेमिनार का उद्देश्य विभिन्न प्रकार के न्यूरो संबंधी विकारों के लिए अत्याधुनिक उपचारों पर प्रकाश डालना, उन्हें पहले से कहीं अधिक सुलभ, विश्वसनीय और सुरक्षित बनाना है क्षेत्र की प्रतिष्ठित हस्तियों के नेतृत्व में, सेमिनार में प्रतिष्ठित न्यूरोसर्जन की उपस्थिति देखी गई, जिसमें आर्टेमिस अस्पताल से डॉ. आदित्य गुप्ता, प्रमुख न्यूरोसर्जरी और सीएनएस रेडियोसर्जरी और सह–प्रमुख–साइबरनाइफ सेंटर, डॉ. सुमित सिंह, प्रमुख–न्यूरोलॉजी, पार्किंसंस विशेषज्ञ और सह–प्रमुख स्ट्रोक यूनिट और एसके राजन, चीफ न्यूरो स्पाइन सर्जरी अतिरिक्त निदेशक–न्यूरोसर्जरी शामिल थे



डॉ. आदित्य गुप्ता, चीफ न्यूरोसर्जरी और सीएनएस रेडियोसर्जरी और सह–प्रमुख – साइबरनाइफ सेंटर, आर्टेमिस हॉस्पिटल्स ने जटिल न्यूरोसर्जिकल मामलों से निपटने में साइबरनाइफ रेडियोसर्जरी के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने एम6 साइबरनाइफ तकनीक के बारे में विस्तार से बताया और इसकी सटीकता, दर्द रहितता और नॉन –इनवेसिव ता की सराहना की। उन्होंने कहा, ष्एम6 साइबरनाइफ रेडियोसर्जरी सटीक, दर्द रहित और नॉन –इनवेसिव विकिरण उपचार है। यह निष्क्रिय कैंसरयुक्त और गैर–कैंसरग्रस्त ट्यूमर के इलाज के लिए बेहद कुशल है, इसमें किसी एनेस्थीसिया और चीरे की आवश्यकता नहीं होती है और इसमें कोई जोखिम या दुष्प्रभाव नहीं होता है। ब्रेन ट्यूमर के 95ः से अधिक रोगियों में थेरेपी की नैदानिक सफलता दर सिद्ध है और यह 2.5–3 सेमी आकार तक के ट्यूमर के लिए सबसे अच्छा काम करती है डॉ.सुमित सिंह, प्रमुख–न्यूरोलॉजी, पार्किंसंस विशेषज्ञ और सह–प्रमुख – स्ट्रोक यूनिट, आर्टेमिस हॉस्पिटल्स ने पार्किंसंस रोग जैसे आंदोलन विकारों के लिए शीघ्र निदान और उपचार विकल्पों के महत्व पर प्रकाश डाला

## ब्रहमलीन महंत मूल गिरि महाराज के षोडशी भंडारे में देश भर से संत पहुंचे

मध्य प्रदेशःश्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा 13 मढी द्वारा गुरूवार 21 मार्च को ब्रहमलीन महंत मूल गिरि महाराज के षोडशी भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे का आयोजन खिरिया घाट लक्ष्मी नारायण मंदिर शाखा काशी श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा बडा हनुमान घाट वाराणसी पर जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि के निर्देशानुसार श्री दूधेश्वर पीठाधीश्वर, श्री पंच दशनाम जूना अखाडा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता, दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व हिंदू यूनाइटिड फ्रंट के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज की अध्यक्षता में हुआ। महंत शंकर गिरि को मंदिर का नया महंत बनाया गया। भंडारे में देश भर से आए संतों व हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। श्रीमहंत नारायण गिरि ने कहा कि महंत मूल गिरि महाराज सिद्ध संत थे और उन्होंने 111 वर्ष की उम्र में अपना शरीर पूरा किया। धर्म व आध्यात्म के क्षेत्र में उन्होने जो कार्य किए और जिस प्रकार लोगों को सही मार्ग दिखाया, उसके चलते वे अपने शिष्यों के दिलों में हमेशा जीवित रहेंगे और उनका मार्गदर्शन करते रहेंगे। उन्होंने हिंदू धर्म को मजबूत करने के लिए जो कार्य किए, वे सभी को हमेशा प्रेरित करते रहेंगे। महंत मूल गिरि महाराज की समाधि के पूजन के बाद चादर विधि हुई और श्रीमहंत नारायण गिरि की अध्यक्षता में करई, बांसगढ, छितरी व डाबर अली गांववासियों की सहमति से शंकर गिरि को मंदिर का नया महंत नियुक्त किया गया। महामंडलेश्वर अनिरूद्ध वन महाराज, स्वामी मुकेशानंद गिरि महाराज, महंत आनंदेश्वरानंद गिरि महाराज दिल्ली, महंत गिरिशानंद गिरि प्राचीन देवी मंदिर दिल्ली गेट गाजियाबाद, महंत अतुल गिरि पंजाब, सभापति श्रीमहंत पूनम गिरि, श्रीमहंत प्रयाग भारती, श्रीमहंत कैलाश पुरी, श्रीमहंत शिवेश गिरि, श्रीमहंत जय विजय भारती, थानापति श्रीमहंत मंगल गिरि, श्रीमहंत रघुवीर पुरी, श्रीमहंत थानापति केशव पुरी, अष्ट कौशल महंत विजय पुरी, श्रीमहंत ऋषि पुरी, श्रीमहंत हरिहर पुरी, रघुनाथ वन, हर नारायण गिरि, शिव गिरि, ललितानंद गिरि, हरविलास बाबा, शंभू गिरि, रामेश्वर दास, चरण मंदिर वाले बाबा, सुंदर गिरि, दर्शन गिरि, संचय गिरि, महंत थानापति शिवराज पुरी, महंत थानापति रामचंद्र पुरी, रामेश्वरम गिरि, महंत विजयराम दास, गिरवर पुरी, सहदेव पुरी, मुरारी भारती, सतानंद गिरि, श्रीमहंत रामगिरि मंडल, उदय गिरि, थानापति विनोद गिरि, लालदास, हरवंश गिरि, राधे पुरी, रामस्वादारा गिरि मुन्नीलाल पांडे कानूनी सलाहकार श्री पंचनाम जूना अखाड़ा आदि संत भी मौजूद रहे। षोडशी भंडारे में केशर सिंह, संजय सिंह, देवेंद्र, साहिब सिंह, पं. द्वारिका प्रसाद, जनक सिंह, दयाचंद्र शिवहरि, मन्नू पाल, प्रकाश शिवहरे, जगदीश चंद्र पांडा, जगदीश सरपंच, माखन सिंह, अनार सिंह, राजेश सिंह, चंद्रभान सिंह सरपंच, प्रमोद मिश्रा, लाखन सिंह रावत, महेंद्र सिंह, रघुबीर सिंह, बिरराम सिंह रावत, करन सिंह रावत, शिवलाल कुशवाहा, रामदास कुशवाह, ओतम सिंह रावत, मुरारी सरपंच, माता चरण आदि ने सहयोग दिया।



## डीएम–एसपी ने संवेदनशील बूथो, बार्डर चेकपोस्ट का किया निरीक्षण

चित्रकूट(आरएनएस)। डीएम अभिषेक आनन्द एवं एसपी अरुण कुमार सिंह ने गुरुवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, निर्भीक व सकुशल संपन्न कराने के लिए तहसील मानिकपुर के संवेदनशील बूथों के अलावा इटवा डुडैला में बनाए जा रहे अंतर्राज्यीय बॉर्डर चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया।




उन्होंने त्यागी इंटर कॉलेज ऐंचवारा, प्राथमिक विद्यालय गढ़चपा का भ्रमण कर पेयजल, रैंम्प, फर्नीचर, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था आदि को देखा। बूथ लेवल ऑफीसरों से मतदाता वं मतदान प्रतिशत की जानकारी ली। कहा कि घरों का भ्रमण अवश्य करें। मतदाता पर्ची बांटना है। इस बार 70 प्रतिशत से मतदान कम नहीं होना चाहिए। डीएम ने ग्रामवासियों से विवाद आदि के संबंध में पूछा। अपील किया कि सभी लोग निष्पक्ष, स्वतंत्र, निर्भीक होकर मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने खंड विकास अधिकारी मानिकपुर से कहा कि मतदाता दस्तक अभियान के दौरान टीमों को घर–घर भेज कर मतदाताओं को जागरूक किया जाए।

उन्होंने कहा कि निर्वाचन को किसी भी दशा में प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा। प्रशासन निष्पक्ष चुनाव कराएगा। अगर कोई अराजकतत्व किसी को प्रभावित करेगा तो उसके खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। बिना किसी को प्रभावित किये शांतिपूर्ण चुनाव होना चाहिए। एसपी ने कहा कि मतदान के दिन बढ़चढ़ कर वोट डालें। पर्याप्त पुलिस बल लगाया गया है। उन्होंने कहा कि किसी के प्रलोभन या डर से मतदान नहीं करना है। अगर कोई समस्या आए तो तत्काल अवगत कराएं।

इसके बाद डीएम–एसपी ने धारकुंडी तिराहा पर लगाए गए बैरियर, अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट इटवा डुडैला की व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने चेकिंग में लगे मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों से कहा कि यहां पर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें। कोई भी वाहन बिना चेक हुए प्रवेश नहीं होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी मानिकपुर पंकज वर्मा, थानाध्यक्ष मानिकपुर रीता सिंह, मारकुंडी थानाध्यक्ष मनीष कुमार, चौकी प्रभारी सरैया यदुवीर सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## ईवीएम, वीवी पैट का दिया गया प्रशिक्षण, बताए गए दायित्व



चित्रकूट(आरएनएस)। जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन के जनपद में पांचवें चरण में निर्वाचन संपन्न कराने के लिए 236 चित्रकूट विधानसभा के जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेटों को ईवीएम व वीवीपैट मशीनों के जागरूकता एवं प्रशिक्षण के बारे में चरणबद्ध तरीके से सामान्य प्रशिक्षण दिया गया।डीएम ने कहा कि चुनाव में सेक्टर मजिस्ट्रेटों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कोई समस्या होती है तो पहले सेक्टर मजिस्ट्रेट ही पहुंचेगें। चुनाव आयोग के गाइड लाइन से कार्य करें। सभी बूथों का निरीक्षण कर उपस्थिति दर्ज करें। कहा कि मतदान शुरू होने पर दो–दो घंटे पर रिपोर्ट जानी चाहिए। जब बूथों पर जाए तो पीठासीन रजिस्टर को भी देखें। सेक्टर मजिस्ट्रेट को पीठासीन के द्वारा कोई समस्या की सूचना मिले तो वह तत्काल पहुंचे। उन्होंने कहा कि मत पत्र लेखा 17 सी को सही से भरे। यदि मशीन खराब हो गई हो तो प्रोटोकॉल के अनुसार व चुनाव आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार बदलें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर में स्ट्रांग रूम बनाया गया है। वहीं पर मशीन जमा होगी। जब तक मशीन जमा नहीं होती तब तक मशीनों को छोड़कर नहीं जा सकते। इसे चुनाव आयोग गंभीरतापूर्वक लेता है। उन्होंने कहा कि गाड़ियों में जीपीएस सिस्टम लगे होंगे। किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेटों से कहा कि पुलिस अधिकारी साथ लगाए गए हैं। वह निरंतर रहकर क्षेत्र पर भ्रमणशील रहेंगे। कम समय में ज्यादा से ज्यादा आउटपुट दे। निर्वाचन को सकुशल, शांतिपूर्ण संपन्न कराना है। सभी मतदान केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस फोर्स की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर सीडीओ अमृतपाल कौर, एसडीएम मोहम्मद जसीम अहमद, जिला विकास अधिकारी राजकुमार त्रिपाठी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, कृषि उपनिदेशक राजकुमार, प्रशिक्षक साकेत बिहारी शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# संपादकीय

## लोकसभा चुनाव अहसास वोटर की ताकत का

चुनाव आयोग की तमाम कोशिशों के बावजूद अभी भी 33 फीसद वोटर घरों से निकलते नहीं हैं। आजादी के सात दशक बाद भी लोक सभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत 67 फीसद से अधिक नहीं हो पा रहा है। वर्ष भर मतदाता सूची में नाम जोडने की सुविधा व घर के निकट मतदान बूथ बनाने के बावजूद एकतिहाई मतदाता घर से निकलते नहीं हैं। आयोग की तरफ से मतदाता जागरूकता व मतदाता भागीदारी कार्यक्रम चल रहा है, जिसका मुख्य मकसद कम मतदान प्रतिशत का विश्लेषण करना तथा मतदान प्रतिशत बढ़ाना है। इस बार पंजीकृत मतदाताओं की संख्या 97 करोड़ करीब पहुंच चुकी है। आयोग का निरंतर प्रयास है कि अधिक–से–अधिक संख्या में लोग अपने मतदान का प्रयोग करें। आयोग ने अपनी बेवसाइट के माध्यम से मतदाता खोज से लेकर शिकायत दर्ज कराने तक की व्यवस्था की है। पहले लोग शिकायत करते थे कि मतदान केंद्र बहुत दूर है या वहां तक पहुंचने की उचित व्यवस्था नहीं है, जिसके लिए आयोग ने ज्यादा से ज्यादा बूथ बनाकर सुविधाजनक कर दिया। जहां दस मतदाता भी हैं, वहां विशेषकर बूथ बनाये जाते हैं। इस सब में भारी व्यवस्था व मानवश्रम लगता है। देखने में आता है कि शहरी व शिक्षित वर्ग मतदान के प्रति विशेष अरुचि रखता है।ढेरों लोग मतदान दिवस के अवकाश को मनोरंजन का दिन बना लेते हैं। यह सच है कि बुजुर्ग और अकेले रह रहे लोग बिना किसी सहयोग के बाहर नहीं निकल सकते। कुछ ऐसे लोग भी हैं, जिन्हें उम्मीदवार पसंद नहीं या उनके प्रति किसी तरह का असंतोष है, वे भी नाराजगी व्यक्त करने के कारण मतदान का इस्तेमाल नहीं करते। हालांकि अब नोटा यानी कोई भी उम्मीदवार न पसंद होने पर प्रयोग किया जाने वाला विकल्प है।इसलिए वे इसका प्रयोग करने को स्वतंत्र हैं। कुछ अन्य राजनीतिक दलों के रवैये से असंतुष्ट होते हैं। क्योंकि एक बार चुन लिये जाने के बाद विजेता की कोई जवाबदेही नहीं रह जाती। जिससे नाराज लोग विरोध स्वरूप वोट नहीं देते। कारण कुछ भी हो परंतु अपने बहुमूल्य वोट के महत्त्व को समझना होगा वरना जैसी व्यवस्था चल रही है, वैसे ही चलती रहेगी। उसे बदलने का इख्तियार सिर्फ मतदाता के पास है, इसका अहसास होना जरूरी है। जनता का भरोसा जीतने के लिए चुनाव पारदर्शी हों और अपराधियों पर अंकुश लगे, यह भी ख्याल रखा जाए।

## पुतिन की जीत के मायने

रूस के राष्ट्रपति ब्लादीमिर पुतिन पांचवी बार भारी मतों से चुनाव जीत गए हैं। उन्हें 87.29 फीसद वोट मिला। उनके पक्ष में सुनाया गया विराट जनादेश इस बात का संदेश है कि देश की राजनीतिक व्यवस्था पर उनका प्रभावी नियंत्रण है और वह सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं।इससे यह भी जाहिर होता है कि रूस की जनता ने उनकी नीतियों का समर्थन किया है। भारत, चीन और उत्तर कोरिया सहित अनेक देश के नेताओं ने जीत पर उन्हें बधाई दी, जबकि पश्चिमी देशों ने चुनावों में धांधली का आरोप लगाकर उनकी जीत को खारिज कर दिया।अमेरिका और पश्चिमी देशों के पुतिन के साथ जिस तरह के तनावपूर्ण रिश्ते हैं उन्हें देखकर उनकी ओर से इसी तरह की प्रतिक्रिया का अनुमान था। चुनाव परिणामों के तुरंत बाद पुतिन ने अमेरिका के नेतृत्व वाले नाटो को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर पश्चिमी देशों ने यूक्रेन में अपनी सेना तैनात की तो तीसरा विश्व युद्ध अवशयंभावी है।रूसी राष्ट्रपति की यह कड़ी प्रतिक्रिया फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के उस गैरजिम्मेदाराना बयान के संदर्भ में आई है जिसमें उन्होंने यूक्रेन में फ्रांस और नाटो के सैनिकों को तैनात करने के बारे में कहा था।अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी पुतिन को पिछले दिनों क्रूर, हत्यारा, तानाशाह और युद्ध अपराधी बताया था। राष्ट्रपति पुतिन अगले छह वर्षो तक मजबूती के साथ सत्ता में बने रहेंगे। अमेरिका और पश्चिमी देशों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए।पुतिन के अधिकतर राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी और आलोचक या तो जेल में हैं या देश से निर्वासित। राष्ट्रपति चुनाव से पहले पुतिन के राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी अलेक्सी नवालनी की आर्कटिक जेल में मौत हो गई थी। उनकी पत्नी यूलिया ने उनकी मौत के लिए पुतिन को सीधे जिम्मेदार ठहराया था।बाइडन ने भी पुतिन के विरुद्ध तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी। पश्चिमी देशों की मीडिया नवालनी को नागरिक स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की आजादी का योद्धा बता रहा है। लेकिन पुतिन इन आलोचनाओं से बेफिक्र हैं और आलाचकों के प्रति उदारवादी रुख अपनाए हुए हैं। शीत युद्ध के दौरान भी अमेरिका और रूस (तब सोवियत संघ) से संबंध तनावपूर्ण थे। 1962 में अमेरिका ने जब कम्युनिस्ट देश क्यूबा में मिसाइल तैनात किया तब भी सोवियत संघ और अमेरिका के बीच युद्ध की स्थिति बन गई थी। यूक्रेन–रूस युद्ध ने भी अमेरिका और रूस के संबंधों को बहुत तनावपूर्ण बना दिया है।

## जनसंख्या नियंत्रण रू सख्ती भी सहमति भी

स्वातंत्रयोत्तर भारत की सरकार ने आम जन को जब पहली बार श्परिवार नियोजनत्र शब्द से परिचित कराया, तब अनेक लोगों का कहना था कि क्या अब यह भी सरकार बताएगी कि बच्चे कितने पैदा करने हैं!तब से आज तक सरकार द्वारा परिवार नियोजन संबंधी अनेक पहल की जा चुकी हैं, लेकिन उच्चतम न्यायालय के हाल ही के एक ऐतिहासिक निर्णय से यह मुद्दा एक बार फिर से सार्वजनिक बहसों में जीवित हो उठा है।12 अक्टूबर, 2022 के राजस्थान उच्च न्यायालय के फैसले को बरकरार रखते हुए राजस्थान सरकार के सरकारी नौकरी के लिए दो बच्चों के नियम पर मुहर लगाते हुए उच्चतम न्यायालय ने अपने आदेश में कहा है, श्राजस्थान पुलिस अधीनस्थ सेवा नियम, 1989 का नियम 24(4) गैर–भेदभावपूर्ण है, और संविधान का उल्लंघन नहीं करता। यह संविधान के दायरे से बाहर है, क्योंकि प्रावधान के पीछे का उद्देश्य परिवार नियोजन को बढ़ावा देना है। राजस्थान सरकार का नियम नीति के दायरे में आता है। अतरू इसमें हस्तक्षेप की कोई जरूरत नहीं है।च इसका अर्थ हुआ कि राजस्थान सरकार का यह कानून अब पूर्णतरू स्थापित हो चुका है, जिसके अनुसार राजस्थान में अब दो से ज्यादा बच्चों वाले लोग सरकारी नौकरियां नहीं कर सकेंगे। उच्चतम न्यायालय का यह फैसला न केवल सकारात्मक है, बल्कि सामाजिक समानता और न्याय को प्रोत्साहित करता हुआ विकसित भारत के निर्माण में परिवार नियोजन की महत्त्वपूर्ण भूमिका को भी रेखांकित करता है। वस्तुतरू ऐसा नियम बनाने वाला राजस्थान पहला राज्य नहीं है। अन्य कई राज्यों में ऐसी नीतियां पहले से ही लागू हैं। मध्य प्रदेश में 2001 से सिविल सेवा (जनरल कंडिशन ऑफ सर्विसेज) लागू है। तेलंगाना पंचायत राज अधिनियम का सेक्शन 19(3), 156(2), 184(2) दो से अधिक बच्चों वाले व्यक्ति को चुनाव लडने से अयोग्य घोषित करता है। आंध्र प्रदेश पंचायत राज अधिनियम, 1994 में भी यही धाराएं लागू हैं। 2005 के गुजरात सरकार के लोकल अथॉरिटीज एक्ट के संशोधन केअनुसार दो से अधिक बच्चों वाले व्यक्ति पंचायतों, नगर पालिकाओं और नगर निगमों के चुनाव नहीं लड़ सकते। उत्तराखंड सरकार ने दो से अधिक बच्चों वाले लोगों को पंचायत चुनाव लडने से रोकने का फैसला किया था।

# ताली–थाली और लाकडाउन से सब कुछ ठहर जाने के 68 दिन

22 मार्च को 14 घंटे का जनता कर्फ्यू और 22 मार्च को ही सायंकाल ताली, थाली, घंटी बजाने के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्ववान को भरपूर समर्थन मिला पर लोग उस समय तक कोरोना की भयावहता को लेकर इतने गंभीर नहीं दिखे। कोरोना के कारण देश दुनिया में सब कुछ थम जाने का दौर आज तो ना भूतो ना भविष्यती जैसा लग रहा है पर जिन्होंने कोरोना की भयावहता से गुजरने वालों के लिए आज भी यह किसी इतिहास की अब तक की किसी त्रासद घटना से कम नहीं है। जब रक्त बीज की बात की जाती है तो कपोल कल्पना से कम नहीं लगती पर जिन्होंने कोरोना का नजदीक से देखा और भुगता है वह जानते हैं कि राक्षस रक्त बीज से कम नहीं था कोरोना वायरस। रक्त बीज में भी तो यही है कि उसके रक्त की बूंद जहां भी गिरेगी वहीं नया राक्षस पैदा हो जाएगा। लगभग यही कुछ देखा है देश दुनिया के लोगों ने कोरोना काल में। गरीब हो या अमीर, साधन संपन्न हो या साधन विहीन, झोपड़ी वासी हो या महल में निवास करने वाला, लगभग सभी कोरोना के उस दौर में घर की चार दीवारी में बंद हो कर रह गए। कोविड 19 से दुनिया में सब कुछ थमा कर रख दिया। हालात ही ऐसे थे। संपर्क ही जान लेवा बन रहा था। सेनेटाइजर, मास्क, डिस्टेंस, चार दीवारी, क्वरंटाइन और बस यही कुछ देखने सुनने को मिलता था तो अस्पतालों में कोरोना के कारण होने वाली क्या अपने क्या पराये की मौत। हालात लगभग सारी दुनिया में ऐसे ही रहे। 2019 में चीन से सारी दुनिया को अपने आगोश में लेने वाले कोरोना का हमारे देश में चीन के बुहान से केरल के रास्ते 30 जनवरी, 20 को प्रवेश हुआ और 24 मार्च 2020 जिस दिन से लॉकडाउन की शुरुआत हुई उस दिन तक कोरोना पोजेटिव के 519 मामलें सामने आ चुके थे और 19 लोग कोरोना के कारण अपनी जान गंवा चुके थे।

कोरोना के जनता कर्फ्यू और लॉकडाउन को चार साल पूरे होने जा रहे हैं पर 24 मार्च को लॉकडाउन का दिन याद करके आज भी सिहरन उठ जाती है। 22 मार्च को 14 घंटे का जनता कर्फ्यू और 22 मार्च को ही सायंकाल ताली, थाली, घंटी बजाने के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्ववान को भरपूर समर्थन मिला पर लोग उस समय तक कोरोना की भयावहता को लेकर इतने गंभीर नहीं दिखे। लोगों ने ताली थाली के आह्वान का मखौल भी उड़ाया और हालात की भयावहता को समझ नहीं पाये। इसे पोंगा पंथी और ना जाने क्या क्या कहा जाने लगा। इसके बाद ज्योंही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से मुखातिब होते हुए 25 मार्च से 14 अप्रैल तक के देशव्यापी लॉकडाउन की घोषणा की तो एक बार तो सब सकते में ही आ गये ।पर जिस तरह से लॉकडाउन के बावजूद कोरोना के मामलें दिन दूने रात चौगुने होने लगे और कोरोना पीड़ित अपनों से ही दूर होते गए तब इसकी भयावहता को समझा जाने लगा। सरकार ने बार बार सेनेटाइजर के उपयोग, मास्क के लगातार उपयोग और दूरी का संदेश दिया उसका असर आज समझ में आने लगा है। सरकार एसओपी जारी कर हालात को काबू में करने में जुट गई। चिकित्सकों, चिकित्साकर्मियों, पेरा मेडिकल स्टॉफ ने जान की वाजी लगा कर सेवा में जुट गए। हालात यहां तक देखे गए कि सेवा में लगे लोग में मौत का ग्रास बनने लगे। दूसरी लहर आते आते तो हालात यहां तक बदतर हो गए कि अस्पतालों में जीवन रक्षक वेंटिलेटर और ऑक्सीजन की उपलब्धता की दिक्कत आ गई। यह सब तो एक और वहीं दूर दराज में रहने वाले लोग जो भी साधन मिला यहां तक कि पैदल ही परिवार के साथ काम धंधा छोड़कर अपने गांव की और रुख करने लगे और हजारों किलोमीटर पैदल ही निकल पड़े। सरकार के सामने इन लोगों के लिए यात्रा के दौरान खाने पीने ठहरने और नियत स्थान तक पहुंचाने की समस्या हो गई वह अलग। इसी तरह से विदेशों में अध्ययन कर रहे या रह रहे लोगों को सुरक्षित लाना भी सरकार के सामने किसी चुनौती से कम नहीं था। अखबारों में



आक्सीजन की कमी, वेंटिलेटर के अभाव में अस्पताल परिसर या सड़क पर ही दम तोड़ते लोगों, अंतिम क्रिया तक में शामिल नहीं होने तक का दुख जैसे कई अनुभव इस दौरान देखने को मिले। बीस–पचास आदमियों में शादी की कल्पना को भी इसी दौरान साकार होते देखा गया। शुरुआती दौर में तो कोरोना वैक्सिन की बात करना ही दूर की बात थी तो बाद में वैक्सिन के पहले दौर के दौरान जिस तरह से वैक्सिन को भी राजनीति की भेंट चढ़ाने के प्रयास हमने देखे हैं। खैर यह दूसरी बात है कि देशवासियों को निःशुल्क कोरोना वैक्सिनेशन की दो डोज और दुनिया के देशों को वैक्सिन उपलब्ध कराने की हमारी पहल को सारी दुनिया ने सराहा।खैर यह तो तस्वीर का एक पहलू रहा। दरअसल मुद्दे की बात यह है कि आज भले ही हम लॉकडाउन की चार साल की बात कर रहे हैं पर 68 दिन का यह लॉकडाउन ही कोरोना में सही मायने में जीवनदायी सिद्ध हो सका। 25 मार्च से 14 अप्रैल, फिर 15 अप्रैल से 3 मई, उसके बाद 4 मई से 17 मई और फिर 18 मई, 20 से 31 मई, 20 तक के 68 दिन घर की चार दीवारी में बंद रहकर गुजारने का अलग ही अनुभव रहा है। वर्क फ्रॉम होम से लेकर ऑनलाइन स्टडी तक का यह दौर रहा और आज भी भले ही कम हो गया हो पर ऑनलाइन स्टडी व वर्क फ्रॉम होम कमोबेस चल रहा है। हांलाकि कोरोना काल को भी लोगों ने भुनाने में कोई कमी नहीं छोड़ी, वेंटिलेटर बेड और आक्सीजन सिलेण्डर, कंसरट्रेटर, ऑक्सीजन बेड और दवाओं की कालाबाजारी भी खूब देखने को मिली। खैर मानवता के दुश्मन तो हर युग में रहते आये हैं। ऐसा नहीं है कि लॉकडाउन का दौर हमने ही देखा हो अपितु दुनिया के अधिकांश देशों में लॉकडाउन रहा और लॉकडाउन के माध्यम से ही कोरोना के फैलाव को रोकने के प्रयास सफल हो सके। भूलना नहीं चाहिए कि इंग्लेण्ड के तत्कालीन प्रधानमंत्री को कोरोना प्रोटोकाल की पालना में कोताही के कारण ही भले ही उन्होंने लाख सफाई दी, अपनी प्रधानमंत्री की कुर्सी से हाथ धोना पड़ा। कोरोना प्रभावित की सूचना पर जिस तरह से उस घर से प्रभावित को अस्पताल ले जाते थे व घर के बाहर नोटिस चस्पा करने और अलग थलग होने के हालात कितने त्रासद होते थे यह कल्पना का विषय ही है। मामूली बुखार व संभावना पर ही घर में ही अलग थलग क्वारंटाइन होने को भुगतने वाले

# सीएए का विरोध है औचित्यहीन

अवधेश कुमार

गृहमंत्री अमित शाह द्वारा लोक सभा चुनाव के पूर्व नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को लागू करने के बयान के बाद तो केवल तिथि की प्रतीक्षा थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे लागू करके सभी कयासबाजी पर विराम लगा दिया।इस मामले में विरोधियों की प्रतिक्रियाएं वही हैं जैसी संसद में पारित होने के पूर्व से लेकर लंबे समय बाद तक रही है। यह प्रश्न उठाया जा रहा है कि आखिर ऐन चुनाव के पूर्व ही इसे लागू करने की क्या आवश्यकता थी? अगर लागू नहीं किया जाता तो चुनाव में विरोधी यही प्रश्न उठाते कि इसे लागू क्यों नहीं कर रहे? कानून पारित होने के बाद नियम तैयार करने के लिए गृह मंत्रालय को सात बार विस्तार दिया गया था। नियम बनाने में देरी के कई कारण रहे। कानून पारित होने के बाद से ही देश कोरोना संकट में फंस गया और प्राथमिकताएं दूसरी हो गई। दूसरे, इसके विरु द्ध हुए प्रदर्शनों ने भी समस्याएं पैदा की। अनेक जगह प्रदर्शन हिंसक हुए, लोगों की मौत हुई और दिल्ली में सांप्रदायिक दंगे तक हुए। तीसरे, विदेशी एजेंसियों और संस्थाओं की भी इसमें भूमिका हो गई। चौथे, सर्वोच्च अदालत में इसके विरु द्ध याचिकाएं दायर हुई। इन सबसे निपटने तथा भविष्य में लागू करने पर उनकी पूनरावृत्ति नहीं हो इसकी व्यवस्था करने में समय लगना ही था। मूल बात यह नहीं है कि इसे अब क्यों लागू किया गया। मूल यह है कि इसका क्रियान्वयन आवश्यक है या नहीं और जिन आधारों पर विरोध किया जा रहा है क्या वे सही है?

यह बताने की आवश्यकता नहीं कि कानून उन हिन्दुओं, सिख, बौद्ध, जैन, पारसियों और ईसाइयों के लिए है, जो 31 दिसम्बर , 2014 को या उससे पहले पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से धार्मिक उत्पीडन के कारण पलायन कर भारत आने को विवश हुए थे। यानी यह कानून इनके अलावा किसी पर लागू होता ही नहीं। नागरिकता कानून, 1955 के अनुसार अवैध प्रवासियों को या तो जेल में रखा जा सकता है या वापस उनके देश भेजा जा सकता है। नरेन्द्र मोदी सरकार ने




इनमें संशोधन करके अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई को वीजा अवधि खत्म होने के बाद भी भारत में रु कने तथा कहीं भी आने–जाने की छूट दे? दी थी तो विशेष प्रावधान के द्वारा आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक में खाता खुलवाने, अपना व्यवसाय करने या जमीन तक खरीदने की अनुमति दी गई।

इस तरह उन्हें भारत द्वारा अपनाने की प्रक्रिया आरंभ हो चुकी थी। निस्संदेह, इस कानून के बाद उत्पीडिघ्त वर्ग भारत आना चाहेंगे। पर इस समय जनवरी 2019 की संयुक्त संसदीय समिति की रिपोर्ट के अनुसार इनकी कुल संख्या 31, 313 है। ये सब भारत में वर्षो से रह रहे हैं। आज विरोध करने वाले विपक्षी दलों के दोहरे आचरण के कुछ उदाहरण देखिए। एक, राज्य सभा में 18 दिसम्बर, 2003 को मनमोहन सिंह ने कहा था, श्विभाजन के बाद बांग्लादेश जैसे देशों से बहुत सारे लोग भारत आए थे। यह हमारा नैतिक दायित्व है कि अगर परिस्थितियां इन दुर्भाग्यशाली लोगों को भारत में शरण लेने के लिए बाध्य करें तो हमारा रवैया इनके प्रति और अधिक उदार होना चाहिए।च दो, 4 फरवरी, 2012 को माकपा के महाधिवेशन ने बाजाब्ता पूर्वी पाकिस्तान या बांग्लादेश से आए हिन्दू–सिख–बौद्धों को नागरिकता दिए जाने का प्रस्ताव पारित किया था।

तीन, 3 जून, 2012 को माकपा नेता प्रकाश करात ने प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को पत्र लिखकर बांग्लादेश से आए लोगों को मानवाधिकार के चलते नागरिकता देने की मांग की थी। चार, पश्चिम बंगाल में इस कानून को लागू न करने का विधानसभा में प्रस्ताव पारित करने वाली ममता बनर्जी ने 4 अगस्त, 2005 को लोक सभा में यह मामला उठाते हुए हिन्दुओं को नागरिकता देने की मांग की थी। यह विषय आजादी के समय से ही चला रहा है। महात्मा गांधी ने 26 सितम्बर ,1947 को प्रार्थना सभा में कहा था कि हिन्दू और सिख वहां नहीं रहना चाहते तो वे भारत आएं। भारत का दायित्व है कि उन्हें यहां केवल रहने ही नहीं दे, उनके लिए रोजगार सहित अन्य व्यवस्था करें। डॉ. बाबा साहब अंबेडकर के राईटिंग्स एंड स्पीचेज के 17 वें वॉल्यूम के पृष्ठ संख्या 366 से 369 तक में विचार लिखे हैं। बाबा साहब ने 18 दिसम्बर, 1947 को प्रधानमंत्री पं. नेहरू पत्र लिखकर अनुरोध किया कि पाकिस्तान सरकार से कहें कि अनुसूचित जातियों के आने के रास्ते बाधा खड़ी न करे।नेहरू जी ने 25 दिसम्बर, 1947 जवाब में लिखा कि हम अपनी ओर से जितना हो सकता है पाकिस्तान से अनुसूचित जातियों को निकालने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। स्वयं को अंबेडकरवादी कहने वाले अगर इस कानून का अभी भी विरोध कर रहे हैं तो इससे अनैतिक आचरण कुछ नहीं हो सकता। नागरिकता संशोधन कानून बाबा साहब अंबेडकर के विचारों को साकार करने वाला है। वास्तव में यह मानवता की रक्षा के लिए बना प्रगतिशील कानून है। भारत विभाजन के बाद तीनों देशों से उम्मीद की गई थी कि वे अपने यहां अल्पसंख्यकों को पूरी सुरक्षा प्रदान करेंगे। विभाजन के समय अल्पसंख्यकों की संख्या पाकिस्तान में 22 प्रतिशत के आसपास थी जो आज दो प्रतिशत भी नहीं है। बांग्लादेश की 28 प्रतिशत हिन्दू आबादी 8 प्रतिशत के आसपास रह गई है। अफगानिस्तान में तो बताना ही मुश्किल है। वे या मुसलमान बना दिए गए, मार दिए गए या फिर भाग गए। आज के बांग्लादेश और तब के पूर्वी पाकिस्तान सहित पूरे पाकिस्तान में गैर मुस्लिम अल्पसंख्यकों पर उत्पीडन की घटनाओं के बीच 8 अक्टूबर, 1950 को नई दिल्ली में नेहरू लियाकत समझौता हुआ। इसमें दोनों देशों ने अपने यहां अल्पसंख्यकों के संरक्षण, जबरन धर्म परिवर्तन न होने देने सहित अनेक वचन दिए। भारत ने आज तक इसका शब्दशरू पालन किया है जबकि पाकिस्तान और बांग्लादेश ने इसके विपरीत आचरण किया। यही कारण है कि आज भारत में उस समय के 9.7 प्रतिशत मुसलमान की संख्या 15 फीसद के आसपास हो गई और उन देशों में घटती चली गई। जब अपने धर्म का पालन करते हुए निर्भय होकर सुरक्षित जीने तक की स्थिति नहीं है तो क्या उनको इन देशों के मजहबी कट्टरपंथी व्यवस्था के हवाले ही छोड़ दिया जाए?

वास्तव में नागरिकता संशोधन कानून के क्रियान्वयन के साथ दशकों से उत्पीडिघ्त शर्णार्थियों को राहत की सांस लेने और सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर मिलेगा। इनकी सांस्कृतिक, सामाजिक भाषायी सभी प्रकार के पहचाने की रक्षा हो सकेगी।

## आज का राशिफल

मेष राशि–आज का दिन आपके लिए पॉजिटिव रहेगा। आज आपको भाग्य का साथ मिलेगा। आपके अंदर अध्यात्म के प्रति लगाव उत्पन्न होगा। आप अपने ज्ञान और कार्य कौशल पर अधिक काम कर पायेंगे। आपके व्यापार में ग्रोथ होने की संभावना बढ़ेगी। आप किसी भी नई जिम्मेदारी को बेहतरीन तरीके से निभाएंगे। किन्ही कारणों से खर्च बढ़ेगा।

वृष राशि–आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। आप परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आपको कार्यक्षेत्र में नए अवसर मिलेंगे। अपने आपको साबित करने का मौका मिलेगा। सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे जातक अच्छी सफलता पायेंगे। आर्थिक स्थिति पहले से अच्छी रहेगी। पैसे संबंधी मामलों में किसी अन्य पर विश्वास करने से बचें।

मिथुन राशि–आज अपके दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। आपकी रचनात्मक समझ बढ़ेगी। पारिवारिक जीवन में आप सक्रिय नजर आएंगे। मांगलिक कार्यों में खर्च होने के योग हैं। आपको आपके व्यवसाय में बड़े सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे। जिससे आपको अच्छे धन लाभ की संभावना बढ़ेगी। इस दौरान कोई भी डील करने से पहले अच्छे से विचार कर लें। दोस्तों या परिवार के साथ किसी यात्रा पर जा सकते हैं।

कर्क राशि– आज आपका दिन बेहतर रहेगा। कारोबार के सिलसिले में की गई यात्रा लाभदायक सिद्ध होगी। आप फाइनेंस से जुड़े कोई बड़े निर्णय ले सकते हैं। सौन्दर्य प्रसाधन का कारोबार करने वाले लोगों को कोई बड़ा ऑर्डर मिलेगा। आप कार्य क्षेत्र और घर के बीच संतुलन बनाने का प्रयास करेंगे।

सिंह राशि–आज आप फिट और उत्साहित महसूस करेंगे। कुछ बड़े ऑर्डर मिलने से आपका व्यापार बढ़ेगा। आपके इनकम के सोर्स बढ़ेंगे। आपको कोई शुभ समाचार मिलने के योग हैं। सरकारी जॉब मिलने की संभावना है। आपको आपके सीनियर्स का साथ मिलेगा। आपके कार्यों की सराहना होगी। आपके कलीग्स कुछ समस्याएं खड़ी कर सकते हैं।

कन्या राशि–आज आपको बेहतर अवसर मिलेंगे। आपको नौकरी में अच्छे अवसर के साथ बदलाव के योग हैं। व्यापारियों के लिए आज का दिन सामान्य रहेगा। प्रतियोगिता परीक्षा में बैठने वाले छात्रों के लिए दिन अच्छा है। आपको किसी मल्टीनेशनल कंपनी में जॉब के लिए ऑफर मिल सकता है।

तुला राशि–आपके लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आ रही चुनौतियों में कमी आएगी पारिवारिक माहौल खुशहाल रहेगा। आज आपको आपकी काबिलियत से उत्तम फल की प्राप्ति होगी। नौकरी में बदलाव के योग हैं। आपका आत्मविश्वाश बढ़ेगा। आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा। एक से अधिक स्रोतों से धन लाभ की संभावना है। जीवनसाथी के साथ रिश्ते में प्रगाढ़ता आएगी, आपसी तालमेल बना रहेगा।

वृश्चिक राशि–आज आपका दिन खास रहेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। इस दौरान आमदनी के साथ खर्चे भी बढ़ेंगे। संतान की ओर से कोई खुशखबरी मिल सकती है। यह संतान के विवाह संबंधी भी हो सकती है। व्यापारियों के लिए दिन सामान्य रहेगा। आज आप ऑफिस में होने वाली राजनीति से दूर रहे। धन से जुड़े मामलों में आज जीवनसाथी का साथ मिलेगा।

धनु राशि–आपके लिए आज का दिन शुभ रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको खास उपलब्धि मिलेगी। आपके सोचने समझने की क्षमता बढ़ेगी। इस दौरान आपको आलस से बचना होगा। साझेदारी में काम कर रहे व्यापारियों के लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। आज आपका उत्साह बढ़ेगा। किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने से पहले मित्रों की सलाह लेंगे। इससे आपको फायदा होगा।

मकर राशि–आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों के सहयोग से अपने काम को बेहतर तरीके से पूरा करेंगे। आज घर में बेटी की तरक्की से परिवार का माहौल खघ्ुशी से भरा रहेगा। फार्मिंग का कारोबार कर रहे लोगों को अच्छा मुनाफा होगा। सामाजिक व राजनीतिक कामों में आपका मन लगेगा। इस राशि के लोगों को आज किसी प्रकार के कानूनी मामलों से बचने की जरूरत है। संतान पक्ष से आपको खुशखबरी मिलेगी। अध्यापन के क्षेत्र जुड़े लोंगो को अच्छे अवसर मिलेंगे।

# रूस ने 44 दिनों के बाद यूक्रेन की राजधानी कीव पर 31 मिसाइलें दागीं, 13 लोग घायल

यूक्रेन की वायुसेना ने बताया कि रूस ने राजधानी पर दो बैलिस्टिक मिसाइलें और 29 क्रूज मिसाइलें दागीं। नगर प्रशासन ने बताया कि इस हमले में घायल 11 साल की एक बच्ची और 38 साल के एक अन्य व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती किया गया है। कीव। रूस ने 44 दिनों में पहली बार यूक्रेन की राजधानी कीव पर पहला हमला करते हुए बृहस्पतिवार तड़के 31 बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलें दागीं।हालांकि, वायुसेना ने इन सभी मिसाइलों को मार गिराया, परंतु मलबे की चपेट में आने से एक बच्ची सहित 13 लोग घायल हो गए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कीव प्रशासन के प्रमुख सेरही पोपको ने बताया कि राजधानी के निवासी सुबह करीब पांच बजे जोरदार धमाकों से जागे क्योंकि मिसाइलें अलग–अलग दिशाओं से लगभग एक ही समय पर दागी गईं। यूक्रेन की वायुसेना ने बताया कि रूस ने राजधानी पर दो बैलिस्टिक मिसाइलें और 29 क्रूज मिसाइलें दागीं। नगर प्रशासन ने बताया कि इस हमले में घायल 11 साल की एक बच्ची और 38 साल के एक अन्य व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती किया गया है। कीव के महापौर विटाली क्लिट्स्को ने बताया कि आठ अन्य लोगों को हल्की चोटें आई हैं। यूक्रेनकी आपातकालीन सेवा के मुताबिक करीब 80 लोगों को उनके घरों से



निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि मार गिराई गई मिसाइलों के मलबे से कम से कम एक अपार्टमेंट इमारत में आग लग गई, कई खड़ी कार जल गई और सड़कों व एक छोटे पार्क में गड्ढे बन गए।कुछ सड़कें मलबे से अटी पड़ी थीं, खिड़कियों के शीशे टूट गए। यह हमला हाल के दिनों में यूक्रेन की सीमा के पास रूस के बेलगोरोड क्षेत्र पर यूक्रेन के बार–बार किए गए हवाई हमलों के बाद हुआ। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को ही हमलों का 'सख्ती से जवाब देने' की धमकी दी थी।

# कैसे खाक हुआ चीन का पाकिस्तान प्रोजेक्ट, क्या है मजीद ब्रिगेड की कहानी और इसका भुट्टो कनेक्शन

डॉन की रिपोर्ट के अनुसार इस हमले के दौरान आठ सशस्त्र हमालवरों को मार गिराया गया। परिसर में जोरदार धमाका और फायरिंग की आवाजों से आसपास का इलाका भी दहल उठा। इस हमले की जिम्मेदारी बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी की मजीद बिग्रेड ने ली है। पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह प्राधिकरण परिसर में हमला हो गया। वही ग्वादर बंदरगाह जो पाकिस्तान के लिए उसकी रीढ़ की हड्डी की तरह है। बलूचिस्तान में ग्वादर बंदरगाह पर भीषण आतंकी हमला हुआ है। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट की माने तो बंदूकों और हथियारों से लैस हमलावरों अचानक से पाकिस्तान पोर्ट ऑथरिटी परिसर में घुस गए और फिर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। रिपोर्ट की माने तो हमलावर सिर्फ इमारत में घुस गए। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार इस हमले के दौरान आठ सशस्त्र हमालवरों को मार गिराया गया। परिसर में जोरदार धमाका और फायरिंग की आवाजों से आसपास का इलाका भी दहल उठा। इस हमले की जिम्मेदारी बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी की मजीद बिग्रेड ने ली है। क्या है चीन के खिलाफ बानी मजिद ब्रिग्रेड? मजीद ब्रिगेड बलूच लिबरेशन आर्मी के एक स्पेशल विंग है। इस विंग को खास तौर पर आत्मघाती हमलों के लिए भी तैयार किया गया है। इसमें शामिल होने वालों को



कठिन ट्रेनिंग लेनी पड़ती है। मजीद ब्रिगेड का उद्देश्य खुद को समाप्त कर दुश्मन को खास संदेश देना है। इसमें आम तौर पर युवाओं की भर्ती होती है। इसकी स्थापना साल 2011 में हुई थी। इसका नाम बलूचिस्तान के दो सगे भाइयों लांगो और मजीद के नाम पर रखा गया। इसका नाम पूर्व प्रधान मंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो के एक गार्ड के नाम पर रखा गया था जो पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) के बलूच बच्चों को हेलीकॉप्टर से फेंक देती है पाक सेना! 2011 क्रिकेट अटैक में 10 से ज्यादा लोग मारे गए थे। बलूचियों का आरोप है कि पाकिस्तानी सेना विरोधियों के खिलाफ बड़ी निर्दयता से पेश आती है। उनका दमन किया जा रहा है। पाकिस्तानी सेना का काफी क्रूर चेहरा देखने को मिलता है। मीडिया रिपोर्ट में बलूची लोगों के दावे के आधार पर कहा गया है कि उनके लड़कों को पकड़ा जाता है, पुलिस कस्टडी में टॉर्चर किया जाता है, लॉकअप में मारा जाता है। कई ऐसे भी मामले सामने आए हैं जिनमें बलूची लोगों का कहना है कि उन्हें हेलीकॉप्टर में बैठाकर नीचे फेंक दिया जाता है। ताकी ये एक एक्सीडेंट लगे और पोस्टमार्टम में चोट का पता न चले।

## चीन ने डलवा दी मोदी और पुतिन की दोस्ती में दरार? रूस के इस फैसले से बढ़ेगी भारत की टेंशन

रक्षा सूत्रों ने बताया कि एस–400 वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली के दो शेष मिसाइल स्क्वाड्रन की आपूर्ति अगस्त 2026 तक की जाएगी और यह हमारी वायु रक्षा प्रणाली को और मजबूत बनाने में मदद करेगी। रूस को 2024 की शुरुआत तक पांच स्क्वाड्रन की आपूर्ति करनी थी, लेकिन रूस–यूक्रेन युद्ध के कारण आपूर्ति में देरी हुई। भारत के पास मौजूद सबसे खतरनाक हथियारों में से एक एस–400 एयर डिफेंस सिस्टम को लेकर बड़ी खबर आई है। भारत



को एस–400 एयर डिफेंस सिस्टम के पांचों स्कोडर्न की डिलीवरी समय पर पूरी नहीं हो पाएगी। रूस का कहना है मौजूदा समय में वह यूक्रेन के साथ युद्ध में व्यस्त है। यही वजह है कि वह शेष बचे 2 डिफेंस सिस्टम के स्क्वाड्रन को भेज नहीं पाया है। सूत्रों ने कहा कि रूस 2026 की तीसरी तिमाही तक शेष दो एस–400 वायु रक्षा मिसाइल स्क्वाड्रन भारत को सौंप देगा। रक्षा सूत्रों ने बताया कि एस–400 वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली के दो शेष मिसाइल स्क्वाड्रन की आपूर्ति अगस्त 2026 तक की जाएगी और यह हमारी वायु रक्षा प्रणाली को और मजबूत बनाने में मदद करेगी। रूस को 2024 की शुरुआत तक पांच स्क्वाड्रन की आपूर्ति करनी थी, लेकिन रूस–यूक्रेन युद्ध के कारण आपूर्ति में देरी हुई। भारत को 2018 में ऑर्डर किए गए पांच में से एस–400 मिसाइल सिस्टम के तीन स्क्वाड्रन पहले ही मिल चुके हैं। भारतीय वायुसेना ने रूस से मिले तीनों एस–400 एयर डिफेंस मिसाइल स्क्वाड्रन को पूरी तरह सक्रिय कर दिया है। सूत्रों ने कहा कि जिस प्रकार की तैनाती की गई है उससे पता चलता है कि इस समय हमारे पास चीन और पाकिस्तान मोर्चे पर लगभग 1.5 स्क्वाड्रन हैं। वायु सेना लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल वायु रक्षा प्रणाली के लिए भी अग्रणी एजेंसी बनने जा रही है, जो चीन और पाकिस्तान दोनों सीमाओं पर भारतीय तैयारियों को और बढ़ावा देगी। इस प्रणाली को तीनों सेनाओं की मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (एमआरएसएएम) सहित मौजूदा वायु रक्षा प्रणालियों से मदद मिलेगी और यह पहले से ही चालू है। भारत ने 2018 में 5.4 बिलियन डॉलर में खरीदी गई‟–400 ट्रायम्फ वायु रक्षा प्रणाली की डिलीवरी भी शामिल है। मास्को में आर्मी एक्सपो में बोलते हुए रूस के रोसोबोरोनेक्सपोर्ट के देंगे।

# क्या पूर्व रश्व एजेंट है गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या का मास्टरमाइंड? अमेरिकी अधिकारी के तेवर पर भारत ने करा दी बोलती बंद

भारतीय जांच से क्या पता चला? खालिस्तानी नेता पन्नून पर हत्या के प्रयास में कौन शामिल था? अमेरिका का इस बारे में क्या कहना है? सारे सवालों के जवाब जानते हैं।अमेरिकी धरती पर गुरपतवंत सिंह पन्नून की कथित हत्या की साजिश की जांच अहम पड़ाव पर पहुंच गई है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय अधिकारियों ने असफल हत्या के प्रयास के बारे में अपने निष्कर्ष अमेरिकी अधिकारियों को सौंप दिए हैं। भारतीय जांच से क्या पता चला? खालिस्तानी नेता पन्नून पर हत्या के प्रयास में कौन शामिल था? अमेरिका का इस बारे में क्या कहना है? सारे सवालों के जवाब जानते हैं। ारत ने क्या कहा ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय अधिकारियों ने सरकार द्वारा नियुक्त जांच पैनल के निष्कर्षों को अमेरिकी अधिकारियों को सौंप दिया है। मामले की जांच कर रही उच्च स्तरीय कमेटी ने पहचान का खुलासा न करने की शर्त पर बताया है कि कथित हत्या के प्रयास में सीधे तौर पर शामिल आरोपी लंबे समय से भारत की मुख्य जासूसी एजेंसी, रिसर्च एंड एनालिसिस विंग के लिए काम नहीं कर रहा है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि वह व्यक्ति अभी भी भारत सरकार के रोजगार में था, लेकिन यह दावा किया गया कि वह अब रॉ के लिए काम नहीं करता है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि भारत ने अभी तक उसके खिलाफ कोई आपराधिक कार्रवाई शुरू नहीं की है। इससे पहले, पिछले नवंबर में अमेरिका में संघीय अभियोजकों ने भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता पर भारत सरकार के एक अधिकारी के इशारे पर पन्नून को मारने की साजिश रचने का आरोप लगाया था। अभियोग में आगे कहा गया था कि एक भारतीय सरकारी कर्मचारी, जिसे ब्ब–1 कहा जाता है, ने पन्नून की हत्या की साजिश का निर्देश दिया था। विदेश मंत्रालय ने इस मामले पर बयान के लिए ब्लूमबर्ग के अनुरोध का जवाब नहीं दिया। अमेरिका द्वारा नई दिल्ली के साथ इनपुट साझा करने



के बाद भारत ने पिछले दिसंबर में इस मामले की जांच के लिए एक जांच समिति का गठन किया था। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने तब राज्यसभा को बताया था कि पैनल का गठन किया गया है, क्योंकि इसका देश की राष्ट्रीय सुरक्षा पर असर पड़ेगा। जहां तक घ्अमेरिका का सवाल है, संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ हमारे सुरक्षा सहयोग के हिस्से के रूप में हमें कुछ इनपुट दिए गए थे। वे इनपुट हमारे लिए चिंता का विषय थे क्योंकि वे संगठित अपराध, तस्करी और अन्य मामलों की सांठगांठ से संबंधित थे। अमेरिका क्या कहता रहा अमेरिका ने इस केस में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ आपराधिक मुकदमा चलाने की मांग की थी। पन्नून साजिश के बारे में पूछे जाने पर अमेरिका ने कहा कि वह इसमें शामिल लोगों को जवाबदेह ठहराने के लिए अपने भारतीय समकक्षों के साथ काम कर रहा है। कांग्रेस की सुनवाई के दौरान, दक्षिण और मध्य एशिया के सहायक सचिव डोनाल्ड लू ने सदन की विदेश मामलों की समिति के सदस्योंसे कहा कि यह एक गंभीर मुद्दा है। संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत के बीच एक गंभीर मुद्दा। न्याय विभाग ने आरोप लगाया है कि भारत सरकार में काम करने वाले किसी व्यक्ति के इशारे पर एक भारतीय नागरिक ने अमेरिकी धरती पर एक अमेरिकी नागरिक को मारने का प्रयास किया है। हम प्रशासन में इसे अविश्वसनीय रूप से गंभीरता से लेते हैंऔर इसे भारत के साथ उच्चतम स्तर पर उठाया है।श

## खराब सुरक्षा मानकों वाली कारें बेचने पर 10 वाहन निर्माताओं पर कसा शिकंजा, सरकार ने लगाया 7.6 मिलियन डश्वलर का जुर्माना

सियोल दक्षिण कोरियाई सरकार ने बुधवार को कहा कि उसने अपर्याप्त सुरक्षा मानकों वाली कारें बेचने के लिए 10 विदेशी और घरेलू वाहन निर्माताओं पर कुल 10.3 बिलियन वॉन (7.6 मिलियन डॉलर) का जुर्माना लगाया है। इनमें नौ विदेशी कंपनियां हैं, जिनमें वोक्सवैगन ग्रुप कोरिया, मर्सिडीज–बेंज कोरिया, फोर्ड सेल्स एंड सर्विस कोरिया, पोर्श कोरिया और बीएमडब्ल्यू कोरिया शामिल हैं। इसमें दक्षिण कोरिया की हुंडई मोटर कंपनी भी शामिल है।सरकार ने कहा कि जुर्माना पिछले साल जनवरी से जून तक कंपनियों के मॉडलों में खराबी पर आधारित था। वोक्सवैगन समूह कोरिया पर 3.5 बिलियन वॉन का सबसे बड़ा जुर्माना लगाया गया, उसके बाद मर्सिडीज–बेंज कोरिया पर 2.5 बिलियन वॉन का जुर्माना लगा। फोर्ड सेल्स एंड सर्विस कोरिया और पोर्श कोरिया प्रत्येक पर 1 बिलियन वॉन का जुर्माना लगा।सरकार ने कहा कि उसने खराब पार्ट्स के साथ कारें बेचने के लिए पांच कंपनियों स्टेलेंटिस कोरिया, मर्सिडीज–बेंज कोरिया, वोक्सवैगन समूह कोरिया, फोर्ड कोरिया और किआ पर अलग से कुल 39 मिलियन वॉन का जुर्माना लगाया है। पिछले हफ्ते हुंडई मोटर और किआ ने चार्जिंग सिस्टम में एक सॉफ्टवेयर त्रुटि को दूर करने के लिए लगभग 170,000 इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को वापस बुला लिया था।

# अरुणाचल प्रदेश को लेकर भारत को क्यों उकसा रहा है चीन? भारत ने ड्रैगन को उसी की भाषा में जवाब देने का विकल्प चुन लिया

इस महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सीमावर्ती राज्य की यात्रा के मद्देनजर अरुणाचल प्रदेश पर अपने निराधार मानचित्रण दावों को दोहराना बीजिंग की अपने क्षेत्रीय दावों को चिह्नित करने के साथ–साथ जानबूझकर भारत को उकसाने की योजना का हिस्सा है। अरुणाचल पर भारत के कड़े रुख से चीन बौखला गया है। ग्लोबल टाइम्स ने कहा कि चुनावी फायदे के लिए चीन पर टिप्पणी की गई है। भारत ने अरुणाचल पर चीन के दावे को बेतुका बताया था। इस महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सीमावर्ती राज्य की यात्रा के मद्देनजर अरुणाचल प्रदेश पर अपने निराधार मानचित्रण दावों को दोहराना बीजिंग की अपने क्षेत्रीय दावों को चिह्नित करने के साथ–साथ जानबूझकर भारत को उकसाने की योजना का हिस्सा है। हालाँकि, भारत ने चीनियों से उन्हीं के खेल में खेलना सीख लिया है। मोदी सरकार भी अरुणाचल प्रदेश और पूर्वी लद्दाख के कुछ हिस्सों पर चीन के दावों के जवाब में मानकीकृता को दोहराया है। वे दिन गए जब भारत बार–बार दोहराए जाने वाले चीनी बयानों से परेशान हो जाता था और मोदी सरकार 25 मार्च को फिलीपींस में विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ दक्षिण पूर्व एशिया में सहयोगियों को शामिल कर रही है और भारत में ताइवान की प्रोफाइल बढ़ रही है। अमेरिकी नेतृत्व भले ही श्एक चीनश नीति को लेकर असमंजस में हो, लेकिन भारत ने पिछले



एक दशक से चीनियों के लिए जादुई शब्द नहीं बोले हैं, जबकि वह निर्वासित तिब्बती नेतृत्व के साथ–साथ दक्षिण चीन सागर में नौवहन की स्वतंत्रता का खुला समर्थन कर रहा है। चीनी उकसावे का मकसद भारतीय विपक्ष को चारा उपलब्ध कराना है, जो खुद किसी राष्ट्रवादी कारणों के बजाय राजनीतिक कारणों से पीएलए से मुकाबला करने के लिए मोदी सरकार पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं। 3488 किमी एलएसी पर भारतीय सैन्य सीमा बुनियादी ढांचे ने मोदी शासन के तहत बेहतरीन छलांग लगाई है और यह सुनिश्चित करने के लिए वर्गीकृत प्रयास भी किए जा रहे हैं कि सबसे खराब स्थिति में भी भारतीय सैनिकों के पास गोला–बारूद और तोपखाने की कमी न हो।

## झारखंड के राज्यपाल राधाकृष्णन ने तेलंगाना के राज्यपाल पद की शपथ ली

हैदराबाद । झारखंड के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने बुधवार को तेलंगाना के राज्यपाल के रूप में शपथ ली।तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश आलोक अराधे ने राजभवन में आयोजित एक समारोह में राधाकृष्णन को पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी, उनके कैबिनेट सहयोगी और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्य सचिव शांति कुमारी ने राष्ट्रपति द्वारा जारी नियुक्ति वारंट पढ़ा, जिसमें झारखंड के राज्यपाल को अपने कर्तव्यों के अलावा तेलंगाना के राज्यपाल और पुडुचेरी के उपराज्यपाल के कार्यों का निर्वहन करने के लिए नियुक्त किया गया। मुख्य न्यायाधीश ने नियुक्ति का वारंट राज्यपाल को सौंप दिया। तमिलिसाई सुंदरराजन के इस्तीफे के बाद राधाकृष्णन को तेलंगाना और पुदुचेरी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

## चीन में स्वर्णिम दौर से गुजर रहे नाभिकीय बिजली कार्य

बीजिंग विश्व परमाणु ऊर्जा शिखर सम्मेलन ब्रुसल्स में आयोजित होगा। इसमें जीवाश्म ईंधन घटाने, ऊर्जा सुरक्षा तथा आर्थिक विकास बढ़ाने में परमाणु ऊर्जा की भूमिका पर फोकस रखा जाएगा। इस समिट से पहले चीनी नेशनल न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड कंपनी के बोर्ड अध्यक्ष लू थ्येनचुंग ने बताया कि स्वच्छ ऊर्जा के नाते नाभिकीय ऊर्जा वर्तमान उर्जा ढांचे के सुधार और ऊर्जा सुरक्षा की गारंटी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इसके साथ नाभिकीय ऊर्जा का व्यावसायिक चेन लंबा है और दसियों अन्य व्यवसायों से जुड़ा है, जो चीनी अर्थव्यवस्था की स्थिर वृद्धि के लिए बड़ा महत्व भी रखता है। कहा जा सकता है कि चीनी नाभिकीय बिजली कार्य स्वर्णिम समय से गुजर रहा है। परिचय के अनुसार वर्ष 2023 के अंत तक चीन में कुल 20 निर्मित और निर्माणाधीन नाभिकीय बिजली केंद्र हैं। कुल 91 न्यूक्लियर पावर यूनिट्स की मंजूरी दी गयी है, जिनकी स्थापित क्षमता 10 करोड़ 3 लाख 40 हजार किलोवाट है। उनमें संचालित पावर यूनिट्स की संख्या 55 है और स्थापित क्षमता 5 करोड़ 69 लाख 10 हजार किलोवाट है, जो विश्व में दूसरे स्थान पर है।वर्ष 2024 के अंत में 3 या 4 नये नाभिकीय पावर यूनिट्स का बिजली उत्पादन शुरू होगा और स्थापित क्षमता करीब 6 करोड़ किलोवाट से अधिक होगी। निर्माणाधीन नाभिकीय ऊर्जा परियोजनाओं के आकार की दृष्टि से देखा जाए, तो चीन विश्व में पहले स्थान पर है।लू थ्येनचुंग ने बताया कि बिजली उत्पादन के अलावा नाभिकीय ऊर्जा उद्यम वास्तव में कई अन्य काम भी कर सकते हैं, जैसे हीटिंग व गैस की सप्लाई, समुद्री जल विलवणीकरण, आइसोटोप का उत्पादन, हाइड्रोजन बनाना इत्यादि।

# प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण तरीके से लोकसभा चुनाव संपन्न करवाने के लिए हरियाणा पुलिस द्वारा स्थापित किया गया इलेक्शन सेल

चंडीगढ़ । हरियाणा प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से लोकसभा चुनाव 2024 संपन्न करवाने के लिए हरियाणा पुलिस द्वारा पुलिस मुख्यालय, सेक्टर–6, पंचकूला में इलेक्शन सेल स्थापित किया गया है। इस सेल के माध्यम से प्रदेश में आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करवाई जाएगी ताकि लोग भय मुक्त होकर निष्पक्ष ढंग से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।इस बारे में जानकारी देते हुए पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने बताया कि इलेक्शन सेल द्वारा प्रदेश में कानून व्यवस्था सुचारू रखने के साथ–साथ चुनाव संबंधी कई अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों पर निगरानी रखी जाएगी। सेल के सुपरविजन के लिए स्टेट नोडल ऑफिसर के रूप में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, कानून एवं व्यवस्था संजय कुमार को तैनात किया गया है जबकि नोडल अधिकारी डीएसपी, कानून एवं व्यवस्था, ममता सौदा को लगाया गया है। इसके अलावा, प्रदेश के सभी जिलों में डीएसपी तथा एएसपी स्तर के अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है जो पुलिस मुख्यालय में स्थापित किए गए इलेक्शन सेल में निर्धारित बिंदुओं बारे में रोजाना अपने जिलों की रिपोर्ट भेजेंगे।इलेक्शन सेल की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी देते हुए कपूर ने बताया कि पुलिस मुख्यालय में बनाए गए इलेक्शन सेल के माध्यम से प्रदेश में आदर्श आचार संहिता के तहत जारी दिशा–निर्देशों की पालना सुनिश्चित करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इलेक्शन सेल द्वारा पुलिस बल की उपलब्धता तथा उसकी तैनाती एवं इससे संबंधित मुद्दो को लेकर जिलों से तालमेल स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही, प्रदेश में अलग–2 स्थानों पर क्रिटिकल (जटिल) क्षेत्रों की पहचान करते हुए वहां पर पुलिसकर्मियों की तैनाती का निर्णय भी लिया जाएगा। इसके साथ ही, जिलों द्वारा उनके द्वारा रोजाना सील होने वाले सामान की रिपोर्ट, चुनाव संबंधी शिकायतें, आदर्श आचार संहिता की पालना, संबंधी रिपोर्ट भी चुनाव सेल को भेजी जाएगी। इलेक्शन सेल 24 घंटे संचालित रहेगा। राजपत्रित अवकाश तथा छुट्टी वाले दिन (शनिवार व रविवार) को भी यहां पर स्टाफ की ड्यूटी सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने के लिए प्रदेश में अलग–2 स्तर पर मॉनीटरिंग की जा रही है। आदर्श आचार संहिता की पालना तथा कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरे प्रदेश पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। श्री कपूर ने कहा कि प्रदेश में चुनाव आयोग की सी–विजिल एप के माध्यम से भी चुनाव संबंधी दिशा–निर्देशों की पालना सुनिश्चित की जा रही है। इतना ही नहीं, प्रदेश में सीएपीएफ की 12 कंपनियां भी पहुंच चुकी हैं उनकी अलग–अलग जिलों में तैनाती कर दी गई है।कपूर ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वह स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न करवाने में हरियाणा पुलिस का सहयोग करें और अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

# कांग्रेस का हाथ हुआ मजबूत, पप्पू यादव की जन अधिकारी पार्टी का हुआ विलय

नई दिल्ली लोकसभा चुनाव से ठीक पहले बिहार की राजनीति में एक बड़ी हलचल हुई है। राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने अपनी जन अधिकार पार्टी का कांग्रेस में विलय कर दिया है। कांग्रेस हेडक्वार्टर में उन्होंने कांग्रेस मीडिया के अध्यक्ष पवन खेड़ा समेत अन्य नेताओं की मौजूदगी में इसकी घोषणा की। अब पप्पू यादव की एंट्री महागठबंधन में हो गई है। पप्पू यादव की पार्टी जन अधिकार पार्टी का कांग्रेस में विलय हो गया है। इससे पहले जन अधिकार पार्टी के नेता पप्पू यादव मंगलवार रात आरजेडी प्रमुख लालू यादव और तेजस्वी यादव से राबड़ी आवास में मुलाकात की थी और अपनी इच्छा बताई थी। खबर है कि लालू यादव ने पप्पू यादव को कहा था कि कांग्रेस के साथ चले जाइये, और पूर्णिया से चुनाव लड़िए। माना जा रहा है कि लालू यादव के कहने पर ही पप्पू यादव ने अपनी पार्टी का विलय कांग्रेस में करा दिया है। इस विलय पर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि जन अधिकार पार्टी और पप्पू यादव किसी भी परिचय के मोहताज नहीं हैं। पप्पू यादव एक कद्दावर नेता हैं। वे आज कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व, नीतियों और दिशा से प्रभावित होकर कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं। वे श्जन अधिकार पार्टीच का भी कांग्रेस में विलय कर रहे हैं। ये विलय साधारण नहीं है, बल्कि ऐतिहासिक है। बिहार के कांग्रेस प्रभारी मोहन प्रकाश ने पप्पू यादव की पार्टी का कांग्रेस में विलय कराया। पप्पू यादव के साथ उनके बेटे सार्थक यादव भी मौजूद रहे। सार्थक रंजन रणजी खेलते हैं।

कांग्रेस में शामिल होने के बाद पप्पू यादव ने कहा, बिहार में क्षेत्रीय पार्टी सत्ता में रही और नहीं भी। एक संघर्ष की बड़ी लंबी फेहरिस्त है, न्याय की और सेवा की। सेवा, न्याय और संघर्ष के लिए हमारी पार्टी जानी जाती है। मेरी विचारधारा कांग्रेस की विचारधारा के साथ रही। यह मजबूत ऊर्जा देती रही। हमारी राजनीति सेक्युलर है। हर परिस्थिति में दूसरे के विचारों का सम्मान का हमारा इतिहास रहा है। पप्पू यादव ने एनडीए पर निशाना साधते हुए कहा कि सीबीआई–ईडी के जरिए कोई 400 का आंकड़ा पार कर जाए, लेकिन हिन्दुस्तान राहुल जी के साथ है। ओबीसी के प्रति जो कमिटमेंट राहुल गांधी का है, मैं एक साधारण गिलहरी की तरह रहना चाहता हूं। आज जन अधिकार पार्टी संघर्ष, सेवा में सबसे ऊपर हैं। मैंने कांग्रेस की मर्यादा का पालन करना बचपन में सीखा। ऊंट बैठ जाए तो गदहा से ऊंचा रहता है। समय बताएगा वे लोग कितने अंक का आंकड़ा पार करेंगे। पप्पू यादव ने कहा कि लालू प्रसाद ने मुझे दिल से कभी नहीं निकाला। तेजस्वी जी से भी मुलाकात हुई। हम 2024 और 2025 दोनों जीतेंगे। प्रियंका गांधी ने काफी मजबूत के साथ हिम्मत दी है और कहा जस्ट ज्वाइन कांग्रेस। मैं बिहार में कांग्रेस के लिए मजबूती से संघर्ष करूंगा और पूरी तन्मयता के साथ काम करूंगा। मैं अपनी पार्टी का कांग्रेस के साथ मर्ज

# आईपीएल 2024 का पहला मैच आरसीबी और सीएसके के बीच, रुतुराज गायकवाड़ की कप्तानी में आरसीबी से जीतना चाहेगी चेन्नई

शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग का पहला मैच एक नये दौर का आगाज भी होगा जिसमें महेंद्र सिंह धोनी की जगह कमान अब रूतुराज गायकवाड़ के हाथ में है। धोनी के इस सत्र में आखिर में खेल को अलविदा कहने की अटकलें लगाई जा रही है और लगता है कि बदलाव उनके रहते करने की कवायद में यह फैसला लिया गया है। चेन्नई सुपर किंग्स के लिये रॉयल चौलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग का पहला मैच एक नये दौर का आगाज भी होगा जिसमें महेंद्र सिंह धोनी की जगह कमान अब रूतुराज गायकवाड़ के हाथ में है। धोनी के इस सत्र में आखिर में खेल को अलविदा कहने की अटकलें लगाई जा रही है और लगता है कि बदलाव उनके रहते करने की कवायद में यह फैसला लिया गया है। पांच बार की चौम्पियन पिछली विजेता चेन्नई की नजरें रिकॉर्ड छठे खिताब पर है। दूसरी ओर महिला प्रीमियर लीग में अपनी टीम के खिताब जीतने के बाद अब आरसीबी की पुरूष टीम भी इस कमी को पूरा करना चाहेगी। लेकिन दोनों टीमों के सामने कई



अनुत्तरित प्रश्न हैं। धोनी की कप्तानी में चेन्नई ने आईपीएल में सफलता का नया इतिहास लिखा जिनका आईपीएल कैरियर अब आखिरी पड़ाव पर है।क्रिकेट की उनकी गजब की समझ वैसी ही है लेकिन बढती उम्र के साथ बल्लेबाज के तौर पर चपलता में कमी आई है। ऐसे में युवाओं को जिम्मेदारी लेनी होगी। अंगूठे की चोट के कारण आईपीएल के शुरूआती मैचों से बाहर डेवोन कोंवे की जगह न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्र ने ली है। वहीं मध्यक्रम में उनके हमवतन डेरिल मिचेल होंगे। अनुभवी अजिंक्य रहाणे और गायकवाड़ पर मध्यक्रम में रन बनाने की जिम्मेदारी होगी। गायकवाड़ ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में महाराष्ट्र के लिये सर्वाधिक रन बनाये थे। चेन्नई की ताकत उसके हरफनमौला और स्पिनर हैं जो चिदंबरम स्टेडियम की पिच पर कहर बरपा सकते हैं। रविंद्र जडेजा, मिचेल सेंटनेर, मोईन अली, रविंद्र, महीष तीक्षणा की गेंदबाजी यहां बेहद असरदार साबित होगी। सीएसके के पास दीपक चाहर और शार्दुल ठाकुर जैसे कुशल तेज गेंदबाज भी हैं। श्रीलंका के मथीषा पथिराना शुरूआती कुछ मैच नहीं खेल सकेंगे जिन्हें बांग्लादेश के खिलाफ टी20 श्रृंखला के दौरान चोट लगी थी। डैथ ओवरों में चेन्नई को उनकी कमी खलेगी। आरसीबी ने इस मैदान पर चेन्नई को 2008 से नहीं हराया है। दो महीने के ब्रेक के बाद मैदान पर लौट रहे विराट कोहली और कप्तान फाफ डु प्लेसी पर रन बनाने की जिम्मेदारी होगी। कैमरन ग्रीन और ग्लेन मैक्सवेल भी टीम में हैं। तेज गेंदबाजों में उनके पास मोहम्मद सिराज, लॉकी फर्ग्युसन, अलजारी जोसेफ, आकाश दीप और रीसे टॉपली हैं। स्पिन गेंदबाजी में वानिंदु हसरंगा की कमी महसूस होगी लेकिन मैक्सवेल के पास अनुभव है।कर्ण शर्मा, हिमांशु शर्मा और मयंक डागर को मैच अभ्यास नहीं मिल सका है।दोनों टीमें इस प्रकार हैं चेन्नई सुपर किंग्स रू रूतुराज गायकवाड़ (कप्तान), महेंद्र सिंह धोनी , मोईन अली, दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, शिवम दुबे, अजय मंडल, मुकेश चौधरी, अजिंक्य रहाणे, शाइक रशीद, मिचेल सेंटनेर, सिमरजीत सिंह, निशांत सिंधू, प्रशांत सोलंकी, महीष तीक्षणा, रचिन रविंद्र , शार्दुल ठाकुर, डेरिल मिचेल, समीर रिजवी, मुस्ताफिजूर रहमान, अवनीश राव अरावेली ।रॉयल चौलेंजर्स बेंगलोर रू फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशाख, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज, रीसे टॉपली, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरन ग्रीन, अलजारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्युसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान।

# डीजे एक्सवेल लगाएंगे एंटरटेनमेंट का तड़का

22 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल 2024 के पहले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चौलेंजर्स बैंगलुरु के बीच रोमांचक मुकाबला खेला जाएगा। चेन्नई में होने वाले इस मैच के लिए मैदान में दर्शकों के एंटरनेटमेंट का भी पूरा इंतजाम किया गया है। ओपनिंग मैच में इनिंग्स ब्रेक के दौरान डीजे एक्सवेल परफॉर्म करेंगे। आईपीएल 2024 की शुरुआत 22 मार्च से हो रही है। पहले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चौलेंजर्स बैंगलुरु के बीच रोमांचक मुकाबला खेला जाएगा। चेन्नई में होने वाले इस मैच के लिए मैदान में दर्शकों के एंटरनेटमेंट का भी पूरा इंतजाम किया गया है। ओपनिंग



मैच में इनिंग्स ब्रेक के दौरान डीजे एक्सवेल परफॉर्म करेंगे। सोशल मीडिया एक्स पर इंडियन प्रीमियर लीग ने पोस्ट करके इस बारे में जानकारी दी। इसको लेकर फैंस में भी काफी ज्यादा उत्साह है। एक्सवेल स्वीडन के मशहूर डीजे हैं। रिकॉर्ड प्रोड्यूसर और रिमिक्सर भी हैं। डीजे एक्सवेल ओपनिंग सेरेमनी के दौरान भी परफॉर्म करेंगे। इस दौरान अक्षय कुमार से लेकर टाइगर श्रॉफ और एआर रहमान व सोनू निगम जैसे बॉलीवुड के सितारे भी अपनी चमक बिखेरेंगे। आईपीएल ओपनिंग सेरेमनी शुक्रवार को शाम 6 बजकर तीसर मिनट से शुरू होगी। बता दें कि, आईपीएल के 17वें सीजन का पहला मैच कल खेला जाएगा। आईपीएल को लेकर फैंस का रोमांच भी चरम पर है। डीजे एक्सवेल के मैच की पारियों के दौरान परफॉर्म करने को लेकर बेहद रोचक कमेंट्स आए। एक यूजर ने लिखा कि, मैच में मैक्सवेल धूम मचाएगा और इनिंग्स के बीच में एक्सवेल। गौरतलब है सीएसके और आरसीबी के बीच होने वाले इस मैच को लेकर फैंस पहले से ही बहुत ज्यादा उत्साहित हैं। ऐसे में यहां मिलने वाली एंटरटेनमेंट का डोज, उनके उत्साह में और ज्यादा इजाफा करेगी।

# बीसीसीआई चयनकर्ता बनने की दौड़ में मिथुन मन्हास, निखिल चोपड़ा और कृष्ण मोहन

निखिल चोपड़ा, दिल्ली के अनुभवी बल्लेबाज मिथुन मन्हास और मौजूदा जूनियर चयनकर्ता कृष्ण मोहन सीनियर राष्ट्रीय टीम के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के चयनकर्ता बनने की दौड़ में शामिल हैं। बीसीसीआई ने जनवरी में पांच सदस्यीय चयन समिति में एक पद के लिए आवेदन मंगवाए थे। भारत के पूर्व स्पिनर निखिल चोपड़ा, दिल्ली के अनुभवी बल्लेबाज मिथुन मन्हास और मौजूदा जूनियर चयनकर्ता कृष्ण मोहन सीनियर राष्ट्रीय टीम के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के चयनकर्ता बनने की दौड़ में शामिल हैं। बीसीसीआई ने जनवरी में पांच सदस्यीय चयन समिति में एक पद के लिए आवेदन मंगवाए



थे। वर्तमान समय में पश्चिम क्षेत्र का प्रतिनिधित्व सलिल अंकोला और चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर कर रहे हैं। उत्तर क्षेत्र के प्रतिनिधि के लिए संभवतरू अंकोला को अपना पद छोड़ना होगा। चेतन शर्मा के त्यागपत्र के बाद चयन समिति में उत्तर क्षेत्र का कोई प्रतिनिधि नहीं है। पंजाब के पूर्व क्रिकेटर और सितंबर 2021 से जूनियर चयन समिति के सदस्य कृष्ण मोहन ने भी सीनियर चयन समिति का सदस्य बनने के लिए आवेदन किया है। भारत के पूर्व विकेटकीपर अजय रात्रा ने भी इस पद के लिए आवेदन किया है। आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख 25 जनवरी थी लेकिन शुक्रवार से आईपीएल शुरू होने के कारण बोर्ड के पास यह पद भरने के लिए अभी काफी समय है। बीसीसीआई के सूत्रों ने कहा,''चयनकर्ता बनने की दौड़ में कुछ मजबूत उम्मीदवार हैं। इनमें मिथुन, चोपड़ा और मोहन भी शामिल हैं।'' मिथुन ने अपने करियर में 157 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं तथा वह 2010 से लेकर 2014 तक आईपीएल का हिस्सा भी रहे। चोपड़ा ने भारत की तरफ से एक टेस्ट और 39 वनडे मैच खेले हैं। इस पद के लिए वही खिलाड़ी आवेदन कर सकता है जिसने कम से कम सात टेस्ट या 30 प्रथम श्रेणी मैच खेले हों। उस खिलाड़ी के नाम पर भी विचार किया जाएगा जिसको कम से कम 10 वनडे या 20 प्रथम श्रेणी मैच खेलने का अनुभव हो।

# सीएसके 2024 से पहले धोनी ने फैंस को दिया झटका, एमएस धोनी ने छोड़ी कप्तानी, रितुराज गायकवाड़ नए कप्तान



दरअसल, सीएसके ने अपने नए कप्तान का ऐलान कर दिया है। अब एमएस धोनी सीएसके के कप्तान नहीं होंगे बल्कि उनकी जगह ऋतुराज गायकवाड़ टीम का नेतृत्व करेंगे। बता दें कि, एमएस धोनी ने कैप्टेंसी छोड़ दी है। धोनी ने पिछले सीजन चेन्नई को पांचवीं बार आईपीएल खिताब दिलाया था। आईपीएल 2024 से पहले चेन्नई सुपर किंग्स ने अपने फैंस को चौंका दिया है। दरअसल, फ्रेंचाइजी ने अपने नए कप्तान का ऐलान कर दिया है। अब एमएस धोनी सीएसके के कप्तान नहीं होंगे बल्कि उनकी जगह ऋतुराज गायकवाड़ टीम का नेतृत्व करेंगे। बता दें कि, एमएस धोनी ने कैप्टेंसी छोड़ दी है। धोनी ने पिछले सीजन चेन्नई को पांचवीं बार आईपीएल खिताब दिलाया था। धोनी ने सीएसके को पांच बार आईपीएल तो जिताया ही इसके साथ उन्होंने टीम को पांच बार फाइनल में भी जगह दिलाई। माही एकलौते कप्तान हैं जो 10 आईपीएल फाइनल खेले हैं, उनकी कप्तानी में चेन्नई 2010, 2011, 2018, 2021 और 2023 में चौंपियन बनी है। जबकि 2008, 2012, 2013, 2015 और 2019 में उन्होंने टीम को फाइनल में पहुंचाया है। एमएस धोनी की कप्तानी के रिकॉर्ड धोनी की कप्तानी में ैब्ज्ञ ने 226 मैच खेलेडैक की कप्तानी में ैब्ज्ञ ने 133 मैच जीते, 91 में हार झेली।माही की कप्तानी में जीत प्रतिशत 59.38 फीसदी रहा। धोनी ने बतौर कप्तान 4660 रन बनाए।बतौर कप्तान धोनी के बल्ले से 22 अर्धशतक निकले बतौर कप्तान धोनी ने 218 छक्के और 320 चौके भी लगाए हैं।

# पदार्पण करने वाले युवा खिलाड़ियों के साथ खेलकर बहुत मजा आया

विराट कोहली सहित कुछ शीर्ष खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में पांच युवा खिलाड़ियों रजत पाटीदार, ध्रुव जुरेल, सरफराज खान, आकाश दीप और देवदत्त पडिक्कल ने टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया। नयी दिल्ली। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ हाल में समाप्त हुई टेस्ट श्रृंखला के दौरान पदार्पण करने वाले खिलाड़ियों की प्रशंसा करते हुए बुधवार को कहा कि उन्होंने इन युवा क्रिकेटरों के साथ खेलने का भरपूर आनंद लिया। विराट कोहली सहित कुछ शीर्ष खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में पांच युवा खिलाड़ियों रजत पाटीदार, ध्रुव जुरेल, सरफराज खान, आकाश दीप और देवदत्त पडिक्कल ने टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया। रोहित ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर कहा,''व्यक्तिगत रूप से मुझे इनके साथ काम करके बहुत मजा आया। जितने भी युवा लड़के थे, सब काफी चुलबुले थे।'' उन्होंने कहा, ''इनमें से अधिकतर को मैं अच्छी तरह से जानता था तथा मुझे उनके मजबूत पक्षों के बारे में पता था। मैं जानता था कि वह किस तरह से खेलना चाहते हैं। मेरा काम केवल उन्हें सहज बनाए रखना था। जिस तरह से उन्होंने मेरी और राहुल भाई (मुख्य कोच राहुल द्रविड़) की उम्मीदों को पूरा किया, वह शानदार था।

# एमएस धोनी ने छोड़ी सीएसके की कप्तानी, फैंस ने सोशल मीडिया पर यूं किया रिएक्ट

गुरुवार को आईपीएल 2024 के लिए सभी टीमों के कप्तानों ने ट्रॉफी के साथ फोटोशूट किया। चेन्नई सुपर किंग्स के नए कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ट्रॉफी के साथ फोटोशूट के लिए आए। साथ ही गायकवाड़ चेन्नई के अभी तक के चौथे कप्तान हैं। इससे पहले एमएस धोनी, सुरेश रैना और रविंद्र जडेजा टीम के लिए कप्तानी कर चुके हैं।एमएस धोनी ने आईपीएल के 17वें सीजन के आगाज से एक दिन पहले चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी छोड़ दी है। इसकी पुष्टि ैब्ज्ञ फ्रेंचाइजी ने की है। जिसके बाद धोनी ने युवा बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ को कप्तानी सौंप दी है। दरअसल, गुरुवार को आईपीएल 2024 के लिए सभी टीमों के कप्तानों ने ट्रॉफी के साथ फोटोशूट किया। चेन्नई सुपर किंग्स के नए कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ट्रॉफी के साथ फोटोशूट के लिए आए। साथ ही गायकवाड़ चेन्नई के अभी तक के चौथे कप्तान हैं। इससे पहले एमएस धोनी, सुरेश रैना और रविंद्र जडेजा टीम के लिए कप्तानी कर चुके हैं। चेन्नई सुपर किंग्स द्वारा आधिकारिक बयान में कहा गया कि, एमएस धोनी ने टाटा आईपीएल 2024 की शुरुआत से पहले चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी ऋतुराज गायकवाड़ कौ सौंप दी है। गायकवाड़ 2019 में चेन्नई से जुड़े और अभी तक उन्होंने 52 मैच खेले हैं। वहीं धोनी के कप्तानी छोड़ने से फैंस का दिल टूट गया है। चेन्नई सुपर किंग्स और धोनी के फैंस ने सोशल मीडिया पर अपना रिएक्शन दिया।




# आपको भी है पिज्जा खाने की आदत तो जान लीजिए आपके शरीर के लिए ये कितना खतरनाक है!

पिज्जा खाना हर किसी को पसंद होता है, बाजार में यह कई फ्लेवर में मिल जाता है. यह एक स्वादिष्ट व्यंजन है, जिसे खाने से लोग पीछे नहीं हटते. लेकिन क्या आप जानते हैं कि पिज्जा के अत्यधिक सेवन से आपके स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है आज हम आपको इसके नुकसान के बारे में बताएंगे. पिज्जा एक पसंदीदा फूड है, जिसे बच्चें से लेकर बड़ों तक सब खाना पसंद करते हैं. इसके कई नुकसान भी होते हैं. पिज्जा ज्यादा मसालेदार और तेल में बनाया जाता है, जिससे उसमें ज्यादा कैलोरी होती है और यह मोटापा, डायबिटीज जैसी समस्या को जन्म देता है.पिज्जा नुकसानपिज्जा में चीज और मक्खन ज्यादा होता है, जिससे कोलेस्ट्रॉल और दिल से जुड़ी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है. यही नहीं पिज्जा का बेस मैदे का होता है, जो डाइजेस्टिव सिस्टम को प्रभावित करता है और इससे आंतों की समस्या होने की संभावना रहती है. इसमें ज्यादा सोडियम होने से रक्तचाप



जैसी दिक्कतें बनी रहती है. इसके अलावा पिज्जा में कैफीन होता है जिससे नींद की समस्या हो सकती है.जानें इसके बचाव पिज्जा खाना स्वास्थ्य के लिए काफी खतरनाक हो सकता है. इससे कई बीमारियां होने की संभावना होती है. इन सब से बचने के लिए आपको पिज्जा का सेवन कम करना चाहिए. यदि आपका पिज्जा खाने का मन हो तो आप स्वस्थ सामग्री का उपयोग कर इसे घर पर बना सकते हैं. कोशिश करें पिज्जा के बदले आप स्वस्थ पौष्टिक आहार खाएं. एकदम से किसी भी चीज की आदत को छोडना बहुत मुश्किल होता है, इसलिए आप कोशिश करें थोड़ा–थोड़ा करके इसे छोड़ दें.

# च्यूइंगम चबाने की आपको भी है आदत... अगला पैकेट खरीदने से पहले जान लीजिए ये नुकसान

आपने अक्सर ऐसे लोगों को देखा होगा, जो दिन भर च्यूइंगम चबाते रहते हैं. बाजार में च्यूइंगम कई फलवूर की मिलती है. बच्चें हो या बड़े च्यूइंगम चबाना अब लोगों की आदत बन गई है. कई लोग इसको मुंह की एक्सरसाइज के लिए भी चबाते हैं. लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसको खाना सेहत के लिए सही है या नहीं आज इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे च्यूइंगम खाने के फायदे और नुकसान के बारे में.

च्यूइंगम के फायदे

च्यूइंगम को चबाना अब लोगों की आदत बन गया है. इसके नुकसान और फायदे दोनों हैं, फायदों की बात करें तो, इसको चबाने से दांत मजबूत रहते हैं और उनकी एक्सरसाइज हो जाती है. चिंगम खाने से पाचन तंत्र बढिया रहता है. साथ ही भूख कम लगती है और वजन घटाने में भी यह मदद करता है. इसको खाने से लार बनती है जो मुंह को साफ करने और बैक्टीरिया को खत्म करने में मददगार है.




कई लोग इसको डबल चिन कम करने के लिए भी चबाया करते हैं, क्योंकि यह एक्सरसाइज करने का बेस्ट तरीका है. पढाई करते वक्त नींद आ रही है, तो च्यूइंगम को मुंह में रख लें, इससे आपका पढाई में मन लगेगा साथ ही नींद नहीं आएगी.

च्यूइंगम के नुकसान

मीठी च्यूइंगम को चबाने में हर किसी को आनंद आता है. कई च्यूइंगम ऐसी होती है, जो मुंह में ठंडक का एहसास कराती है. अब लोगों को इसकी आदत होती जा रही है. लेकिन क्या आप जानते हैं इसको अधिक चबाने से कई प्रकार के नुकसान हो सकते हैं. इसका पहला नुकसान पेट में दर्द और गैस बनना हो सकता है. लगातार चबाने से दांतों में दर्द, स्किन प्रॉब्लम, डायबिटीज जैसी दिक्कत हो सकती है. इन सब से बचने के लिए आपको चिंगम का सेवन लिमिटेड करना चाहिए. यदि आप च्यूइंगम खाते भी हैं तो बिना चीनी वाली खाना ज्यादा सही

# मनोज बाजपेयी की भैया जी का टीजर जारीय बोले– अब निवेदन नहीं, नरसंहार होगा

बॉलीवुड एक्टर मनोज बाजपेयी की आने वाली फिल्म भईया जी का टीजर रिलीज हो गया है. फिल्म में मनोज बाजपेयी का लुक और रोल दोनों ही आपको फिल्म देखने पर मजबूर कर देगा. फिल्म भईया जी का टीजर देखकर आपको ऐसा लगेगा कि ये किसी बदले की कहानी है और मनोज बाजपेयी का एक दमदार किरदार है. फिल्म का टीजर एक्टर ने भी शेयर किया है.मनोज बाजपेयी की फिल्म एक बंदा काफी है के मेकर्स ने फिल्म भईया जी बनाई है. एक बंदा काफी है ने ओटीटी पर धमाल मचा दिया था लेकिन फिल्म भईया जी सिनेमाघरों में 24 मई को रिलीज होगी.फिल्म के टीजर में मनोज बाजपेयी के किरदार भैया जी के आतंक को दिखाया गया है. इस आतंक को कुछ ऐसा दिखाया गया कि लोग उनसे भागते नजर आए. इस टीजर का टैगलाइन अब निवेदन नहीं, नरसंहार होगा है. इसी के साथ भैया जी का टीजर रिलीज किया गया है. अपने किरदार के बारे में मनोज बाजपेयी ने कुछ खास बातें शेयर की है. उन्होंने कहा, भैया जी को एक ऐसा किरदार निभाना था जिसे दर्शक आसानी से नहीं भूल सकते, खासकर तब जब भैया जी इंडस्ट्री में मेरी 100वीं फिल्म है और मुझे खुशी है कि मुझे अपनी बंदा टीम के साथ ऐसा करने का मौका मिला. हमने किरदार और फिल्म



बनाने के हर पल का आनंद लिया है. हमें यकीन है कि दर्शक फिल्म के हर सेकंड का आनंद लेंगे जो जल्द ही सामने आने वाला है.

जानकारी के लिए बता दें, भैया जी को भानुशाली स्टूडियो लिमिटेड, एसएसओ प्रोडक्शंस और ऑरेगा स्टूडियो प्रोडक्शन बैनर तले बनाया गया है. वहीं इसे विनोद भानुशाली, कमलेश भानुशाली, समीक्षा ओसवाल, शैल ओसवाल, शबाना रजा बाजपेयी और विक्रम खाखर प्रोड्यूस किया है. फिल्म का निर्देशन अपूर्व कार्की ने किया है.।

# लव सेक्स और धोखा 2 का नया मोशन पोस्टर हुआ रिलीज, दिखेगा डिजिटल वर्ल्ड का प्यार

एकता कपूर की फिल्म लव सेक्स एंड धोखा आज भी अपने अनोखे कॉन्टेंट के कारण सुर्खियों में रहती है। इसलिए जबसे मेकर्स ने इसके सीक्वल यानी लव सेक्स एंड धोखा 2 का ऐलान किया है, तब से लोग फिल्म के नए कांसेप्ट से जुड़े रहने के लिए मजबूर हो रहे हैं। जहां लव सेक्स और धोखा ने कैमरा के जमाने ने प्यार को रोशनी में लाया था, वहीं सीक्वल एक बिल्कुल नए कांसेप्ट के साथ आ रहा है – डिजिटलाइज्ड दुनिया में प्यार।

लव सेक्स एंड धोखा 2 का मोशन पोस्टर ने इंटरनेट के युग में प्यार और उसकी मौजूदगी की एक झलक दी है। ऐसे में अब मेकर्स एक और दिलचस्प मोशन पोस्टर लेकर आए हैं। यह पोस्टर हमें असली दुनिया और डिजिटलाइज्ड दुनिया में प्यार के अंतर को दिखा रहा है।

जैसा कि हमने बताया कि इस फिल्म का नया मोशन पोस्टर रिलीज हो गया है। बोल्ड, मनोरंजक और प्रभावशाली ये मोशन पोस्टर फिल्म के असली उत्साह को बयां करता है जो दर्शकों को असला दुनिया से डिजिटल दुनिया की सैर कराने वाला है। इस मोशन पोस्टर की शुरुआत में हम सीढियों के साथ एक मोबाइल फोन देखते हैं और बैकड्रॉप में फ्लैशलाइट चमकती है, जो प्रसिद्धि की दुनिया को दर्शाता है।

फिर एक और तरफ हम देखते



है जहां फोन के बाहर कदम रखते हैं एक लड़की नजर आई है जो एक लड़के का हाथ पकड़े हुए अंदर आती है, जो असली दुनिया से रील दुनिया में बदलाव को दर्शाता है। मोशन पोस्टर जितना आकर्षक लग रहा है, इसने वास्तव में फिल्म को और अधिक देखने के लिए उत्साह बढ़ा दिया है। बालाजी टेलीफिल्म्स और कल्ट मूवीज पेश करते है दिबाकर बनर्जी प्रोडक्शन की लव सेक्स और धोखा 2, जिसे एकता आर कपूर और शोभा कपूर ने प्रोड्यूसर किया हैं। इस फिल्म का निर्देशन दिबाकर बनर्जी ने किया हैं। यह फिल्म 19 अप्रैल 2024 को रिलीज होगी।

## बाक्स आफिस पर अजय देवगन की शैतान की कमाई दूसरे सप्ताह में भी जारी

क्वीन और मनमर्जियां जैसी सुपरहिट फिल्में दर्शकों के सामने पेश कर चुके निर्देशक विकास बहल आजकल अपनी फिल्म शैतान को लेकर चर्चा में हैं।हॉरर–सस्पेंस से भरपूर इस फिल्म का खुमार



शुरुआत से दर्शकों के सिर चढ़कर बोल रहा है।इस फिल्म में अजय देवगन और आर माधवन आमने–सामने हैं। दोनों की बेहतरीन अदाकारी ने दर्शकों का दिल जीत लिया है।वीकेंड पर धुआंधार कमाई करने के बाद कामकाजी दिनों में यह बॉक्स ऑफिस पर ठीक–ठाक नोट छाप रही है। अब शैतान की कमाई के 12वें दिन के आंकड़े सामने आए हैं।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, दूसरे मंगलवार इस फिल्म ने 3 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 109.05 करोड़ रुपये हो गया है।दुनियाभर में भी शैतान का खूब डंका बज रहा है। यह फिल्म अब तक 156.56 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर चुकी है।साउथ की अभिनेत्री ज्योतिका ने भी फिल्म में अपने अभिनय का तड़का लगाया है। शैतान की कहानी कबीर (अजय) और उसके हंसते–खेलते परिवार की है, जो अपनी पत्नी ज्योति (ज्योतिका), बेटी जाह्नवी (जानकी बोदीवाला) और बेटे ध्रुव (अंगद राज) के साथ अपने फार्म हाउस पर छुट्टियां मनाने जाता है।यहां बीच रास्ते में एक रेस्तरां पर कबीर, वनराज (आर माधवन) से टकराता है, जो उनका पीछा करते–करते फार्महाउस तक पहुंच जाता है।इसके बाद वनराज जाह्नवी को अपने वश में कर लेता है और उसे कठपुतली की तरह अपने इशारों पर नचाता है।

# उर्वशी रौतेला की फिल्म जेएनयू का पहला पोस्टर जारी, रिलीज तारीख से भी उठा पर्दा



बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म जेएनयू को लेकर खबरों का हिस्सा बनी हुई हैं। इस फिल्म के जरिए वह लंबे समय बाद पर्दे पर वापसी कर रही हैं।दिग्गज अभिनेता रवि किशन भी इस फिल्म में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। टीवी की लोकप्रिय अभिनेत्री रश्मि देसाई भी फिल्म का हिस्सा हैं।अब जेएनयू का पहला पोस्टर जारी कर दिया है। इसके साथ निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज तारीख से भी पर्दा उठा दिया है।पोस्टर की बात करें तो इसपर भगवा रंग का भारत का नक्शा देखने को मिल रहा है, जिसे एक हाथ जकड़े हुए है. पोस्टर पर लिखा है, क्या एक एजुकेशनल यूनिवर्सिटी देश को तोड़ सकती है वहीं पोस्टर के नीचे कई सारे हाथ नजर आ रहे हैं. कुछ लोगों ने हाथ में भगवा झंडा पकड़ा हुआ है, जिसपर जय श्री राम लिखा हुआ नजर आ रहा है.जेएनयू के निर्देशन की कमान विनय शर्मा ने संभाली है तो वहीं प्रतिमा दत्ता फिल्म की निर्माता हैं।यह फिल्म 5 अप्रैल, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। जेएनयू में पीयूष मिश्रा, विजय राज, अतुल पांडे और सोनाली सेगल जैसे सितारे भी अभिनय करते दिखाई देंगे। जेएनयू के अलावा उर्वशी एनबीके109 , दिल है ग्रे और ब्लैक रोज जैसी फिल्मों में नजर आएंगी। इन फिल्मों का भी दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।सोशल मीडिया पर फिल्म ये पोस्टर तेजी से वायरल हो रहा है. एक्ट्रेस के इस पोस्ट पर कमेंट्स की बाढ़ आ गई है. किसी एक यूजर ने कमेंट में लिखा कि ये एक चुनावी प्रोपेगेंडा फिल्म है. तो किसी अन्य यूजर इसे फिल्म को वोट बैंक मूवी बताया है. वहीं कई लोग इस मूवी को बैन करने की मांग भी कर रहे हैं. किसी एक सोशल मीडिया यूजर ने कमेंट में लिखा है कि ऐसी फिल्में चुनाव के समय ही क्यों आती हैं रवि किशन और उर्वशी के अलावा फिल्म में सिद्धार्थ बोडके, पीयूष मिश्रा, रशमी देसाई, सोनाली सहगल और विजय राज जैसे कलाकार भी शामिल हैं. इस फिल्म को विनय शर्मा ने डायरेक्ट किया है, जो 5 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीद होने के लिए तैयार है. वहीं प्रतिमा दत्ता इस फिल्म को प्रोड्यूस कर रही हैं.

## प्राइम वीडियो पर 29 मार्च को होगा हारर क्राइम ड्रामा सीरीज इंस्पेक्टर

आगामी तमिल स्ट्रीमिंग सीरीज इंस्पेक्टर ऋषि में इंस्पेक्टर ऋषि नंदन हत्याओं की गुत्थी सुलझाते हुए कई रहस्यों से पर्दा उठाते दिखेंगे। नवीन चंद्रा, कन्ना रवि अभिनीत तमिल सीरीज इंस्पेक्टर ऋषि में ऋषि कई अजीबोगरीब हत्याओं की जांच में चुनौतियों का सामना करेंगे। हॉरर–क्राइम–ड्रामा नंदिनी जेएस द्वारा बनाया गया



है, और इसमें वीरा सिम्हा रेड्डी के लिए मशहूर नवीन चंद्र शामिल हैं। इसमें मालिनी जीवनरत्नम, श्रीकृष्ण दयाल और कुमारवेल भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। सीरीज के बारे में बात करते हुए नंदिनी जेएस ने कहा, एक निर्माता के रूप में इंस्पेक्टर ऋषि पर काम करना एक बेहद संतुष्टिदायक अनुभव रहा है और मैं इस सहयोग के लिए आभारी हूं। पुलिस प्रक्रिया को डरावनी और रहस्यमयी चीजों के साथ जोडने से मुझे कहानी कहने के नए आयामों का पता लगाने का मौका मिला है। उन्होंने कहा, नवीन चंद्रा, कन्ना रवि, मालिनी जीवनरत्नम, श्रीकृष्ण दयाल, कुमारवेल सहित अन्य कलाकारों के शानदार प्रदर्शन ने इसे पर्दे पर बखूबी उतारा है। 10 एपिसोड वाली यह सीरीज 29 मार्च को प्राइम वीडियो पर प्रसारित होगी।

## रीम शेख को डर है कि कोई उनकी काफी के साथ छेड़छाड़ न कर दे

स्ट्रीमिंग शो रायसिंघानी वर्सेज रायसिंघानी में अंकिता रस्तोगी की भूमिका में नजर आने वाली एक्ट्रेस रीम शेख ने अपने बारे में एक खास बात शेयर की।




एक्ट्रेस शो में एक तेज–तर्रार वकील का किरदार निभा रही हैं। उन्होंने बताया कि वह उन लोगों की कॉफी के साथ छेड़छाड़ करती हैं, जिन्हें वह पसंद नहीं करती। एक्ट्रेस एक कॉफी लवर हैं, उन्हें इस बात का डर है कि कहीं लोग उनकी कॉफी के साथ भी छेड़छाड़ न कर दें। रीम के मुताबिक, अंकिता का किरदार निभाना मजेदार है, वह स्मार्ट, मजबूत और स्वतंत्र है, जिसे जेनजेड पसंद करेगा। उसकी एक आदत है, जिस पर मुझे गुस्सा आता है, जो अपनी बात रखने का एक रचनात्मक तरीका है। वह कहती है कि कॉफी लवर होने के नाते मुझे इस बात से डर लगता है कि जैसे मैं लोगों की कॉफी से छेड़छाड़ करती हूं, कहीं मेरी कॉफी के साथ भी ऐसा न हो जाए। उन्होंने आगे कहा, कहानी में एक मजेदार मोड़ आता है, जब मैं और मेरे दोस्त कॉफी से छेड़छाड़ के तरीके को एक मजाक में बदल देते हैं। यह सब बहुत मजेदार होता है और हम इस पर हंसे बिना नहीं रह सकते। हालांकि, मुझे लगता है कि मेरे दोस्त भी थोड़े डरे हुए हैं, वे अंकिता की रणनीति से अवगत हैं और वे जानते हैं कि मैं चुनौती से पीछे हटने वालों में से नहीं हूं। रायसिंघानी वर्सेज रायसिंघानी सोनी लिव पर स्ट्रीम हो रहा है।

## भगवान श्री राम के दर्शन करने पति निक जोनास और बेटी मालती के साथ अयोध्या पहुंची प्रियंका चोपड़ा,

प्रियंका को सोमवार को मुंबई में फरहान अख्तर के घर जाते हुए भी देखा गया। वह इससे पहले फिल्म निर्माता के साथ डॉन (2006) और इसके सीक्वल में काम कर चुकी हैं। हालांकि, प्रशंसक अनुमान लगा रहे हैं कि वह फिल्म निर्माता से उनके प्रोजेक्ट जी ले जरा के सिलसिले में मिलीं। विश्व में भारत का नाम रोशन करने वाली प्रियंका चोपड़ा में हैं। वह अपने परिवार के साथ भागवान राम के दर्शन करने के लिए अयोध्या पहुंची हैं। हाल ही में दुबई में छुट्टियां एन्जॉय कर रहीं प्रियंका चोपड़ा पति निक जोनास और बेटी मालती मैरी के साथ उत्तर प्रदेश के अयोध्या पहुंचीं। समाचार एजेंसी एएनआई द्वारा श्देसी गर्लश के अयोध्या हवाईअड्डे पर पहुंचने का एक वीडियो साझा किया गया जिसमें जोड़े को भारतीय पोशाक पहने देखा जा सकता है। वीडियो में पीसी को पीले रंग की साड़ी पहने देखा जा सकता है, जबकि निक ने सफेद रंग का कुर्ता पायजामा चुना। इस बीच, प्रियंका को सोमवार को मुंबई में फरहान अख्तर के घर जाते हुए भी देखा गया।

# संगीतकार टीएम कृष्णा के खिलाफ विरोध पर म्यूजिक एकाडमी ने रंजनी और गायत्री की आलोचना की

मद्रास स्थित संगीत अकादमी ने गुरुवार को भारतीय कर्नाटक गायक टीएम कृष्णा के खिलाफ उनके विरोध पर कर्नाटक गायक रंजनी और गायत्री को जवाब दिया। अकादमी ने रंजनी और गायत्री के दावों पर निराशा व्यक्त की और कहा कि वे श्उनकी अपमानजनक सामग्री से हैरानश थे। मद्रास स्थित संगीत अकादमी ने गुरुवार को भारतीय कर्नाटक गायक टीएम कृष्णा के खिलाफ उनके विरोध पर कर्नाटक गायक रंजनी और गायत्री को जवाब दिया। अकादमी ने रंजनी और गायत्री के दावों पर निराशा व्यक्त की और कहा कि वे श्उनकी अपमानजनक सामग्री से हैरानश थे। संगीत अकादमी के अध्यक्ष एन मुरली ने 21 मार्च को कर्नाटक गायक जोड़ी को एक पत्र लिखा। अनजान लोगों के लिए, रंजनी और गायत्री ने टीएम कृष्णा की भागीदारी का हवाला देते हुए संगीत अकादमी सम्मेलन से नाम वापस ले लिया था। कृष्णा को 2024 का संगीत कलानिधि पुरस्कार दिया गया। टीएम कृष्णा कौन है? थोडुर मदाबुसी कृष्णा, जिन्हें टीएम कृष्णा के नाम से जाना जाता है, को हाल ही में 2024 के संगीत कलानिधि से



सम्मानित किया गया था। हालाँकि, वह नवीनतम विवाद में भी फंस गए हैं क्योंकि कर्नाटक गायक रंजनी और गायत्री ने टीएम कृष्णा की भागीदारी का हवाला देते हुए संगीत अकादमी सम्मेलन से नाम वापस ले लिया था। दोनों ने ट्वीट्स की एक श्रृंखला भी पोस्ट की जिसमें दावा किया गया कि उन्होंने कर्नाटक संगीत जगत को भारी नुकसान पहुंचाया है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि टीएम कृष्णा कौन हैं और एक भारतीय कर्नाटक गायक, लेखक, कार्यकर्ता और लेखक ने रेमन मैग्सेसे पुरस्कार कैसे जीता, जो एशिया का प्रमुख पुरस्कार और सर्वोच्च सम्मान है? टीएम कृष्णा का प्रारंभिक जीवन और करियर टीएम कृष्णा का जन्म 22 जनवरी 1976 को उनके माता–पिता के घर हुआ, जिनकी कला, विशेषकर कर्नाटक संगीत में गहरी रुचि थी। कृष्णा के माता–पिता ने यह सुनिश्चित किया कि उन्हें कम उम्र से ही शास्त्रीय कलाओं का अनुभव हो। कृष्णा का अभिनय करियर 12 साल की उम्र में संगीत अकादमी, चेन्नई (भारत) द्वारा आयोजित स्पिरिट ऑफ यूथ सीरीज में उनके पहले संगीत कार्यक्रम के साथ शुरू हुआ। तब से उन्होंने दुनिया भर के विभिन्न समारोहों और स्थानों पर व्यापक रूप से प्रदर्शन किया है, जिनमें मद्रास संगीत अकादमी, नेशनल सेंटर फॉर द परफॉर्मिंग आर्ट्स (भारत), जॉन एफ कैनेडी सेंटर फॉर द परफॉर्मिंग आर्ट्स आदि शामिल हैं।

राजू मुरुगन द्वारा निर्देशित फिल्म जिप्सी (2019 फिल्म) का गाना श्वेनपुराश कृष्णा का पहला पार्श्व गीत है। इसके अलावा, टीएम कृष्णा का संगीत अक्सर भावपूर्ण और श्राग भावश से भरपूर माना जाता है।पुरस्कार और सम्मान2016 में, उन्हें ष्एक कलाकार के रूप में जबरदस्त प्रतिबद्धता और भारत के गहरे सामाजिक विभाजनों को ठीक करने के लिए कला की शक्ति की वकालत करने, जाति और वर्ग की बाधाओं को तोड़कर न केवल कुछ लोगों के लिए बल्कि संगीत बनाने के लिएष रेमन मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। कुछ के लिए भी।ष्उन्हें संगीत अकादमी, मद्रास द्वारा 2024 के लिए संगीत कलानिधि से सम्मानित किया गया है। उनकी पुरस्कार सूची में उनकी पदोन्नति सेवाओं के लिए दिया जाने वाला प्रतिष्ठित इंदिरा गांधी पुरस्कार (2017) भी शामिल है। देश में राष्ट्रीय एकता बनाए रखने और कर्नाटक संगीत को आम आदमी से जोड़ने के लिए प्रोफेसर वी. अरविंदाक्षन मेमोरियल अवार्ड (2017) भी मिला।

# दीपिका पादुकोण और अपने बच्चे के साथ रहने के लिए काम से लंबा ब्रेक लेंगे रणवीर सिंह

दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने कुछ हफ्ते पहले अपनी पहली गर्भावस्था की घोषणा की थी। इस खबर ने इंटरनेट पर धूम मचा दी और बॉलीवुड में इस शानदार जोड़ी के लिए शुभकामनाएं आने लगीं। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने कुछ हफ्ते पहले अपनी पहली गर्भावस्था की घोषणा की थी। इस खबर ने इंटरनेट पर धूम मचा दी और बॉलीवुड में इस शानदार जोड़ी के लिए शुभकामनाएं आने लगीं। दीपिका और रणवीर की इस महीने की शुरुआत के बाद मीडिया कार्यक्रमों में उनकी उपस्थिति कम हो गई है। जहां दीपिका अपने पहले बच्चे के स्वागत के लिए मैटरनिटी ब्रेक पर होंगी, वहीं रणवीर सिंह को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं कि रणवीर सिंह भी कुछ समय के लिए ब्रेक ले सकते हैं। ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक रणवीर भी ब्रेक लेंगे।दीपिका पादुकोण और उनके पहले बच्चे के लिए पितृत्व अवकाश लेंगे रणवीर सिंह?खैर, टाइम्सनाउन्यूज की एक रिपोर्ट के अनुसार, एक सूत्र का कहना है कि रणवीर सिंह भी एक लंबा पितृत्व अवकाश लेने की योजना बना रहे हैं। कहा जा रहा है कि दीपिका पादुकोण ने पहले ही अपना शेड्यूल क्लियर कर लिया है। वह धीरे–धीरे अपने सभी



लंबित प्रोजेक्ट्स से बाहर निकल गई हैं। इसके बाद वह लंबे मैटरनिटी ब्रेक पर जाएंगी। हालाँकि, रणवीर सिंह की ऐसी कोई योजना नहीं थी। चूँकि उनकी बैजू बावरा की तारीखें खाली हो चुकी हैं, रणवीर के पास कोई अन्य परियोजना नहीं है जो उत्पादन शुरू करने के लिए तैयार हो, जैसा कि रिपोर्ट में दावा किया गया है।यह भी कहा जा रहा है कि रणवीर ने डॉन 3, शक्तिमान और आदित्य धर के साथ अपनी अगली फिल्म के बीच कोई प्रोजेक्ट नहीं लेने का फैसला किया है। कहा जा रहा है कि फिल्में अगले साल शुरू हो जाएंगी। और जब वे बच्चे का स्वागत करेंगे, तो वह दीपिका और उनके नन्हें बच्चे के साथ समय बिताने के लिए वहां मौजूद रहेंगे।दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह की गर्भावस्था की घोषणा और जामनगर यात्रागुजरात के जामनगर में अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की प्रीवेडिंग से ठीक पहले, बॉलीवुड जोड़े ने घोषणा की।

